वर्ष : 34 | अंक : 268 | मुंबई, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित



मुझे अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन का दिल्ली में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। मैं आज शाम और कल हमारी बैठकों को लेकर आशान्वित हूं। भारत और रूस की दोस्ती समय की कसौटी पर खरी उतरी है, इससे हमारे लोगों को अपार लाभ हुआ है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


# DBD
# दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


# 'नमो'स्ते पुतिन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर गुरुवार रात भारत पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने एयरपोर्ट पर एक-दूसरे को गले लगाया और गर्मजोशी से अभिवादन किया। इसके बाद एक ही गाड़ी में हवाई अड्डे से रवाना हुए। स्वागत समारोह के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने एयरपोर्ट पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखा और उसकी सराहना की। नई दिल्ली में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के स्वागत में जगह-जगह बैनर लगाए गए हैं, जो महत्वपूर्ण कूटनीतिक संबंध को दर्शाता है। इस यात्रा का उद्देश्य लगभग आठ दशक पुरानी भारत-रूस साझेदारी को और मजबूत करना है, एक ऐसी साझेदारी जो जटिल भू-राजनीतिक माहौल के बावजूद स्थिर बनी हुई है।

- ऊर्जा रक्षा क्षेत्र में बड़े सौदे की उम्मीद
- क्रेमलिन के एजेंडे में एस-400 भी शामिल

- भारत पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन, पीएम मोदी ने गले लगाकर किया स्वागत
- भारत और रूस के बीच होंगे कई अहम समझौते



### राजघाट भी जाएंगे पुतिन

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पुतिन सुबह राजघाट भी जाएंगे। बैठक के बाद पुतिन रूसी सरकारी प्रसारक का नया 'इंडिया चैनल' भी शुरू करेंगे, जिसके बाद वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा उनके सम्मान में दिए जाने वाले राजकीय भोज में शामिल होंगे।

### कई समझौते होने की उम्मीद

मोदी-पुतिन बैठक के बाद दोनों पक्षों के बीच व्यापार के क्षेत्रों सहित कई समझौते होने की उम्मीद है, जिनमें से एक भारतीय कामगारों के रूस आने-जाने को सुगम बनाने से जुड़ा है। दोनों सरकारें यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ भारत के प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर भी विचार-विमर्श कर सकती हैं, जिसे नई दिल्ली रणनीतिक और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए आगे बढ़ा रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह आधिकारिक यात्रा भारत और रूस के नेताओं को अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने का मौका देगी।

### आज होगी द्विपक्षीय वार्ता

दोनों नेताओं के बीच शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता होगी। वार्ता का मुख्य विषय रक्षा संबंधों को मजबूत करना, भारत-रूस व्यापार को बाहरी दबाव से सुरक्षित रखना और छोटे मॉड्यूलर संयंत्रों में सहयोग की संभावनाओं की तलाश जैसे मुद्दों पर केंद्रित होगा। इस बैठक पर पश्चिमी देशों द्वारा करीबी नजर रखे जाने की संभावना है।

## ब्रीफ न्यूज़

### सेना पर टिप्पणी मामले में राहुल के खिलाफ सुनवाई पर रोक बढ़ी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सेना के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियों से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को थोड़ी राहत दे दी। इसके तहत शीर्ष अदालत ने राहुल के खिलाफ मुकदमा चलाने पर रोक लगाने के अपने आदेश को अगले साल 22 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दिया। दर्ज मुकदमे को रद्द करने की मांग के लेकर कांग्रेस नेता की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश दिया। जस्टिस एमएम सुंदरेश और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने राहुल की अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि इस पर विस्तार से विचार की जरूरत है।



### महाराष्ट्र में गिरा तापमान, शीतलहर ने बढ़ाई ठंड

**मुंबई!** दिसंबर की दस्तक के साथ महाराष्ट्र में तापमान में गिरावट आ रही है। सुबह ठंडी हवाएं अब मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई और कोंकण तट तक स्पष्ट रूप से महसूस हो रही हैं। मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में तापमान लगातार गिर रहा है, जिससे सुबह-शाम ठंड बढ़ गई है। गुरुवार को राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान धुले में दर्ज किया गया । वहाँ तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस रहा। मुंबई में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के कोलाबा केंद्र में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सांताक्रूज़ केंद्र में अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस रहा। अगले कुछ दिनों तक राज्य में कड़ाके की ठंड जारी रहने की संभावना है।



### अब स्कूलों में विद्यार्थियों को 'एनर्जी बार' उपलब्ध कराएगी बीएमसी

**मुंबई!** छात्रों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और शारीरिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए, केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत मुंबई महानगरपालिका के स्कूली छात्रों को पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत स्कूली छात्रों को पौष्टिक आहार के रूप में एनर्जी बार उपलब्ध कराए जाएँगे। इस एनर्जी बार पर महानगरपालिका 1 करोड़ 41 लाख रुपये खर्च करेगी।



### राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ शिकायतों की होगी जांच

**मुंबई!** जमीन लेन-देन, रजिस्ट्रेशन, स्टाम्प ड्यूटी और अन्य राजस्व कार्यों के लिए लोगों को अक्सर संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कई बार इन कार्यालयों में मौजूद कुछ अधिकारी और कर्मचारी आम नागरिकों के साथ ठीक व्यवहार नहीं करते। शिकायतें दर्ज कराने पर भी समाधान नहीं मिलता। इन बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग ने जांच शुरू करने का फैसला किया है। राजस्व विभाग ने इस समस्या के समाधान के लिए संभागीय आयुक्त स्तर पर एक सतर्कता (विजिलेंस) टीम बनाई है। यह टीम लघु खनिज, भूमि, स्टाम्प, भू-सर्वेक्षण तथा अन्य राजस्व कार्यों से संबंधित शिकायतों की जांच करेगी। टीम हर शिकायत की 30 दिनों में और गंभीर मामलों की 15 दिनों में प्रारंभिक जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी।

महाराष्ट्र सरकार का ऐतिहासिक फैसला

# डिजिटल सातबारा को कानूनी मान्यता

- तलाठी की सिग्नेचर-स्टांप की जरूरत खत्म

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के किसानों और नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित 7/12 प्रमाण पत्र को कानूनी मान्यता दे दी है। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने इस ऐतिहासिक निर्णय की घोषणा की, जिसके तहत डिजिटल 7/12 को अब सरकारी, अर्ध-सरकारी, बैंकिंग और न्यायिक कार्यों में वैध माना जाएगा। इस फैसले से राजस्व विभाग में डिजिटल क्रांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है और किसानों को बार-बार तलाठी कार्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी।



### घर बैठे मिलेगा सातबारा

सरकारी आदेश के अनुसार डिजिटल हस्ताक्षरित 7/12, 8-अ और बदलाव प्रमाणपत्र, जिनमें क्यूआर कोड और 16 अंकों का सत्यापन क्रमांक होगा, सभी सरकारी कार्यों के लिए मान्य होंगे। इससे नागरिक और किसान घर बैठे ही अपने दस्तावेज प्राप्त कर सकेंगे। यह कदम राजस्व विभाग के कामकाज को पारदर्शी और तेज बनाने में सहायक होगा।

### अब सिर्फ 15 रुपये में मिलेगा अधिकृत सातबारा

अब किसानों को केवल 15 रुपये में आधिकारिक 7/12 उतारा उपलब्ध होगा। डिजिटल उतारे पर तलाठी के हस्ताक्षर और स्टाम्प की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे लोगों को तलाठी दफ्तरों के चक्कर काटने से राहत मिलेगी। महाभूमि पोर्टल पर विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे डिजिटल उतारा आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

### डिजिटल उतारा प्राप्त करने की प्रक्रिया

नागरिक डिजिटल उतारा प्राप्त करने के लिए digitalsatbara.mahabhumi.gov.in पर जा सकते हैं। डिजिटल पेमेंट करके 7/12, 8-अ और फेरफार उतारे आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। राजस्व मंत्री ने इस निर्णय को 'डिजिटल महाराष्ट्र' की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि यह सुविधा किसान, जमीनधारक और आम नागरिकों के लिए पारदर्शिता और तेज सेवा का नया अध्याय साबित होगी।

## एक हफ्ते में करोड़ों की ड्रग्स बरामदगी



**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर 25 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच कस्टम विभाग ने बड़ी मात्रा में ड्रग्स जब्त की है। अधिकारियों के अनुसार, इस अवधि में जब्त किए गए अवैध पदार्थों की कुल कीमत 25 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए एयरपोर्ट पर निगरानी और कड़ी कर दी गई है।

मुंबई एयरपोर्ट आयुक्तालय, सीमा शुल्क क्षेत्र-3 के अधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण मामले दर्ज किए हैं। इनमें चार यात्रियों से 8.682 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड जब्त की गई है, जिसकी कीमत भी 8.682 करोड़ रुपए है। सभी यात्री बैंकॉक से आए थे और उन्हें एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया। विशिष्ट सूचना के आधार पर कस्टम विभाग ने एक और कार्रवाई करते हुए पांच यात्रियों से चार मामलों में कुल 16.797 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद की। इसकी कीमत लगभग 16.797 करोड़ रुपए बताई गई है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर मामलों की जांच शुरू कर दी गई है।

## एक साल में खत्म हो जाएंगे सभी टोल बूथ : गडकरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वह दिन ज्यादा दूर नहीं है, जब टोल टैक्स देने के लिए हाईवे पर आपको लंबी-लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। फर्राटे भरती हुई आपकी कार में लगे फास्टैग से खुद टोल कट जाएगा। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने ऐलान किया है कि एक वर्ष के भीतर वर्तमान टोल टैक्स कलेक्शन सिस्टम पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।



### लोकसभा में गडकरी ने दी जानकारी

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान अपने मंत्रालय से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देते हुए गडकरी ने कहा कि अगले एक साल में टोल कलेक्शन की मौजूदा व्यवस्था को पूरी तरह से बदल दिया जाएगा। टोल टैक्स को इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली के माध्यम से चुकाया जाएगा। इससे वाहन चालकों को सबसे ज्यादा फायदा होने वाला है। करीब दस स्थानों पर इस नई व्यवस्था को लागू किया जा चुका है। टेस्टिंग और मॉनिटरिंग के बाद अगले एक वर्ष के अंदर इसे पूरे देश के नेशनल हाईवे नेटवर्क पर लागू कर दिया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली के बाद मौजूदा टोल व्यवस्था खत्म हो जाएगी। टोल बूथ पर रुकने की जरूरत नहीं होगी।

### 4500 राजमार्ग परियोजनाएं

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में करीब 10 लाख करोड़ रुपए के 4500 राजमार्ग परियोजनाएं चल रही है। बड़ी मात्रा में हाईवे निर्माण के साथ डिजिटल टोल सिस्टम लागू होने से देश में सड़क यातायात और परिवहन की रफ्तार और तेज हो जाएगी।

### मुंबई-गोवा हाईवे का 89% काम पूरा

मुंबई-गोवा हाईवे का काम 89 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है और अगले वर्ष अप्रैल तक यह रोड बनकर तैयार हो जाएगी।केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में शिवसेना (उद्धव) सांसद अरविंद सावंत के पूछे गए प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। सावंत ने पूछा था कि मुंबई-गोवा हाईवे का काम चलते हुए 10 साल से ज्यादा समय हो गया है। इसके बाद भी यह हाइवे अब तक पूरा नहीं हो सका है। गडकरी ने सावंत के सवाल को जायज ठहराते हुए कहा कि इस हाईवे का काम 2009 में शुरू हुआ और वह 2014 में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री बने। उन्होंने बताया कि यह काम उस समय की राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग को दिया गया था। यहां भूमि अधिग्रहण की समस्या थी। अभी तक बहुत सारे कांट्रेक्टर बदल चुके हैं।इसको लेकर कार्रवाई भी की गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी तक लगभग 89 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है और इस वर्ष अप्रैल तक यह रोड पूरा हो जाएगा।

गौरी पालवे आत्महत्या मामला

## जांच तेज, एसआईटी का गठन

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पंकजा मुंडे के पीए अनंत गर्जे की पत्नी डॉ. गौरी पालवे की आत्महत्या मामले की जांच अब तेज कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का निर्णय लिया है। डॉ. गौरी की मौत के बाद उनका परिवार मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिला था और निष्पक्ष जांच की मांग की थी।



परिवार की चिंताओं को सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने हर पहलू की गहन जांच का आश्वासन दिया और एक वरिष्ठ महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी बनाने के निर्देश दिए।

### वरिष्ठ महिला आईपीएस अधिकारी करेंगी नेतृत्व

मुंबई पुलिस के अनुसार, डीसीपी रागसुधा आर इस एसआईटी का नेतृत्व करेंगी। यह टीम आत्महत्या के पीछे की परिस्थितियों, पारिवारिक-सामाजिक पहलुओं और पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच करेगी। बता दें कि वर्ली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के बाद अनंत गर्जे को गिरफ्तार किया गया था। डॉ. गौरी का शव वर्ली स्थित घर से बरामद हुआ था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या है।डॉ. गौरी और अनंत गर्जे की शादी इसी साल फरवरी में हुई थी। गौरी पालवे केईएम अस्पताल के दंत विभाग में डॉक्टर थीं। परिवार वालों ने एफआईआर में आरोप लगाया है कि विवाह के बाद विवाद बढ़े और गर्जे द्वारा धमकाया जाता था। डॉ. गौरी के चाचा ने भी यह आरोप लगाया कि उनकी भतीजी की हत्या अनंत गर्जे और उसके परिवार ने की है।

## शहर की हवा 'टाइट'

### बीकेसी और बांद्रा पूर्व में वायु गुणवत्ता 'खराब'

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**



गुरुवार को मुंबई का वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 137 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। तैयार किए गए 'समीर' ऐप के अनुसार, बुधवार को भी शहर की वायु गुणवत्ता इसी श्रेणी में रही थी। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में AQI 241 और बांद्रा पूर्व में 216 दर्ज किया गया। दोनों ही सूचकांक 'खराब' श्रेणी में आते हैं। वहीं बोरीवली में AQI 173, चेंबूर में 178, घाटकोपर में 183, मलाड में 148, शिवाजीनगर में 150, विले पार्ले में 133 और सिद्धार्थ नगर वर्ली में 132 रहा—ये सभी 'संतोषजनक' और 'मध्यम' श्रेणी में शामिल हैं। गुरुवार शाम को भी शहर की वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुसार, 0-50 'अच्छा', 51-100 'संतोषजनक', 101-200 'मध्यम', 201-300 'खराब', 301-400 'बहुत खराब' और 400 से ऊपर 'बेहद खतरनाक' श्रेणी में माना जाता है।

# सुधीर भगत का नाम मतदाता सूची से गायब

- विधायक जितेंद्र आव्हाड ने जताई नाराजगी

**ठाणे।** मुंब्रा के पूर्व नगरसेवक सुधीर रामचंद्र भगत का नाम अचानक मतदाता सूची से हटाए जाने के बाद हड़कंप मच गया है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान करने के बावजूद उनका नाम सूची में नहीं मिला। घटना के बाद भगत ने कड़ी नाराज़गी जताई, वहीं राकांपा (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।



### अधिकारियों से हुई गलती: कलेक्टर

शिकायत पर ज़िला कलेक्टर ने माना कि अधिकारियों से अनजाने में गलती हुई और भगत का नाम सूची में दर्ज नहीं हो पाया। निर्णय में उन्होंने कहा कि मैं आपका नाम सूची में शामिल करता हूँ, लेकिन आप वोट नहीं दे पाएंगे और न ही चुनाव लड़ सकेंगे, क्योंकि 1 जुलाई से पहले आपका नाम दर्ज करने का अधिकार मेरे पास नहीं है। कलेक्टर ने यह भी स्वीकार किया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 22 का पालन नहीं हुआ। सुधीर भगत मुंब्रा शहर से तीन बार ठाणे नगर निगम के पार्षद चुने जा चुके हैं और मुंब्रा में उनका 100 साल पुराना पैतृक घर भी मौजूद है। बावजूद इसके, उनका नाम सूची से गायब होना चौंकाने वाला है। भगत ने 11 नवंबर को कलवा-मुंब्रा विधानसभा कार्यालय में शिकायत दी थी।

रिपोर्ट | भाजपा के सर्वेक्षण से निकलकर आई जानकारी

# मुंबईकरों के लिए सड़कें सबसे बड़ी समस्या

**धीरज सिंह । मुंबई**

महानगर में शहरी समस्याओं की बात आती है तो सड़कों और गड्ढों की खराब हालत सबसे बड़ी परेशानी मानी जाती है। भाजपा द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण में 65 प्रतिशत मुंबईकरों ने सड़कों को अपनी प्रमुख समस्या बताया, जबकि 60 प्रतिशत नागरिकों ने कहा कि खराब सड़कों का तुरंत समाधान निकाला जाना चाहिए।



### सर्वे में सड़कें और गड्ढे शीर्ष पर

मुंबईकरों से शहर की पाँच प्रमुख समस्याएँ बताने को कहा गया था। लगभग हर श्रेणी में सड़कें और गड्ढे समस्या सूची में नंबर-1 पर रहे। मुंबईकरों की प्रमुख समस्याओं में सड़कें 65% के साथ सबसे बड़ी चुनौती हैं, जिसके बाद पानी की समस्या 56%, स्वास्थ्य सेवाएँ 54%, आवास व पुनर्विकास 52%, शिक्षा 47%, स्वच्छता 41%, महिला एवं बाल सुरक्षा 35%, पार्किंग सेवाएँ 28%, अतिक्रमण 19% और सांस्कृतिक व ऐतिहासिक संरक्षण मात्र 8% प्रमुख चिंता के रूप में सामने आते हैं।

### डब्बावालों से फिल्म इंडस्ट्री तक, सभी से ली राय

नगर निगम चुनाव से पहले मुंबई भाजपा ने 'आवाज़ मुंबईकरचांचा, संकल्प भाजपाचा' अभियान शुरू कर नागरिकों से सुझाव एकत्र किए। इस पहल में 2,65,738 मुंबईकरों ने अपनी राय दी। इनमें से 1,45,616 नागरिक 'भविष्य की मुंबई' निर्माण में स्वयंसेवक बनकर सहयोग करने को भी तैयार दिखे। यह जानकारी मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने दी। इस अभियान के दौरान डब्बावालों, कुलियों, रिक्शा चालकों, युवाओं, व्यापारियों और फिल्म जगत से जुड़े नामी लोगों से बातचीत की गई।

## बच्ची का यौन उत्पीड़न एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** बोरीवली पूर्व इलाके से एक बेहद शर्मनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है।एक ही इमारत में रहने वाले 65 साल के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पर 9 साल की मासूम बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न करने का गंभीर आरोप लगा है।घटना ने पूरे इलाके में आक्रोश पैदा कर दिया है।घटना उस समय हुई जब बच्ची शाम करीब सात बजे लिफ्ट से घर जाने के लिए निकली।इसी दौरान आरोपी ने मौका देखकर बच्ची को लिफ्ट में खींच लिया और उसका यौन उत्पीड़न किया।लिफ्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे ने पूरी घटना रिकॉर्ड कर ली, जिससे अपराध की पुष्टि हो गई।



# 'ट्रांसफॉर्मिंग मुंबई, ट्रांसफॉर्मिंग महाराष्ट्र' पोर्ट्रेट प्रदर्शनी आज से

## भरत सिंह की 100 से अधिक पेंटिंग्स में दिखेगा फडणवीस का नेतृत्व और विकास यात्रा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में बनी महाराष्ट्र सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर 'ट्रांसफॉर्मिंग मुंबई, ट्रांसफॉर्मिंग महाराष्ट्र' शीर्षक से तीन दिवसीय पोर्ट्रेट प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी आज मुंबई के कफ परेड स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में शुरू होगी।

### 5 दिसंबर को होगा भव्य उद्घाटन

प्रदर्शनी का उद्घाटन 5 दिसंबर को सुबह 11 बजे भाजपा मुंबई के अध्यक्ष अमित साटम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर करेंगे। इस अवसर पर मंत्री मंगल प्रभात लोढा और सांस्कृतिक मंत्री आशिष शेलार भी मौजूद रहेंगे।

### भरत सिंह की 100 से अधिक पेंटिंग्स प्रदर्शित

प्रसिद्ध पोर्ट्रेट कलाकार भरत सिंह की 100 से अधिक कलाकृतियाँ इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण होंगी। इन चित्रों में फडणवीस की कार्यशैली, समाज कल्याण के प्रति दृष्टि और विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को रचनात्मक रूप में दर्शाया गया है। भरत सिंह देशभर में 20 से अधिक सोलो एग्ज़िबिशन कर चुके हैं।

### सबके लिए प्रवेश

यह प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 7 :30 बजे तक सभी नागरिकों के लिए खुली रहेगी। कला प्रेमियों, विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और महाराष्ट्र मॉडल में रुचि रखने वालों के लिए यह आयोजन प्रेरक और ज्ञानवर्धक अनुभव साबित होगा।

### कलाकार ने साझा की प्रदर्शनी के पीछे की प्रेरणा

भरत सिंह ने बताया कि उनकी कला का उद्देश्य राष्ट्रनिर्माण में भूमिका निभाने वाले व्यक्तित्वों को जनता तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा, "माननीय देवेंद्र फडणवीस जी के कार्य और व्यक्तित्व इस प्रदर्शनी की प्रेरणा बने। मेरी इच्छा है कि लोग कला के माध्यम से ऐसे राष्ट्रनिर्माताओं को और निकट से समझें।"



### तीन दिन चलेगी विशेष प्रदर्शनी

मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के पीकॉक हॉल में 5 से 7 दिसंबर 2025 तक यह प्रदर्शनी चलेगी। इसमें वर्ष 2014 के बाद से फडणवीस सरकार के नेतृत्व में हुए विकास, सुशासन और परिवर्तन की यात्रा को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

# लोकसभा में उठी नांदेड़ कुर्ला वाया अकोला ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग

डीबीडी संवाददाता | नई दिल्ली/मुंबई



यवतमाल वाशिम से शिवसेना (उद्धव) सांसद संजय देशमुख ने गुरुवार को लोकसभा में नांदेड़ से कुर्ला वाया वाशिम-अकोला नई रेल सेवा शुरू करने का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि मंजूरी के बावजूद दो साल से ट्रेन सेवा शुरू न होना वाशिम जिले के साथ नाइंसाफी है। उन्होंने सदन में मांग की कि केंद्र सरकार और रेल प्रशासन इस ट्रेन सेवा को जल्द शुरू करे। लोकसभा में शून्यकाल की कार्यवाही के दौरान देशमुख ने इस मामले को उठाते हुए कहा कि 29 अगस्त 2023 को, रेल मंत्रालय और रेलवे बोर्ड ने नांदेड़-कुर्ला वाया वाशिम-अकोला ट्रेन को आधिकारिक मंजूरी दी थी। 'ट्रेन नंबर 17665/66 और 17667/68 से मंजूर यह ट्रेन सेवा वाशिम जिले के लिए बहुत काम की होती, लेकिन मंजूरी के दो साल से ज़्यादा समय बाद भी, रेलवे ने आज तक यह ट्रेन शुरू नहीं की है।

# मामूली स्कूल विवाद में युवक की हत्या

**आठ लोगों ने मिलकर की हत्या, चार नाबालिग शामिल**

डीबीडी संवाददाता | दिवा

ठाणे के दिवा क्षेत्र में नाबालिगों के बीच बढ़ती आपराधिक प्रवृत्ति ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। यहाँ नाबालिगों ने 20 वर्षीय युवक की हत्या कर दी, जिसके बाद इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल है। पुलिस के अनुसार, इस वारदात में शामिल सभी चार मुख्य आरोपी नाबालिग हैं, जबकि कुछ अन्य युवकों के नाम भी सामने आए हैं।

### आठ के खिलाफ मामला दर्ज, चार गिरफ्तार

मुंब्रा पुलिस स्टेशन में कुल आठ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इनमें से चार युवकों—प्रतीक सपकाल (18), स्वयं पाटिल (18), चेतन गायकवाड़ (20) और स्वतेज जाधव (18)—को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी चार आरोपी नाबालिग हैं, जिन्हें हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक रिवॉल्वर भी बरामद की है।




### स्कूल विवाद ने लिया हिंसक रूप

दिवा के गणेश नगर में रहने वाले दो नाबालिग लड़के 1 दिसंबर को केश कर्तनालय जा रहे थे, तभी स्कूल में हुए मामूली विवाद के चलते दूसरे ग्रुप के छात्रों ने उनकी पिटाई कर दी। इसी बीच इस घटना की ख़बर इलाके के रहने वाले अभिजीत पाटिल (20) को लगी। अभिजीत अपने साथी सुमित गावड़े (21) और एक नाबालिग लड़के के साथ वहाँ पहुँचा, तभी आरोपियों के गिरोह ने अचानक हमला कर दिया।

### चाकू और लाठियों से हमला, अभिजीत की मौत

हमलावरों में से एक नाबालिग ने चाकू निकालकर अभिजीत पर वार कर दिया, जबकि बाकी ने लाठियों, लात-घूंसों से तीनों को पीटा। इस हमले में अभिजीत पाटिल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुमित और एक नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह हमला पूरी तरह योजनाबद्ध नहीं था, बल्कि अचानक हुए विवाद का खतरनाक रूप था।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को म्यूज़िकल श्रद्धांजलि

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर के अवसर पर, दोस्त कला मंच ने "हर सवाल का जवाब... बाबासाहेब !" नामक म्यूज़िकल श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 3 दिसंबर को दादर माटुंगा कल्चरल सेंटर में शाम को आयोजित हुआ, जिसमें अंबेडकर जी के योगदान और उनके विचारों को संगीतमय रूप में प्रस्तुत किया गया।

### विविध कला रूपों के माध्यम से श्रद्धांजलि



कार्यक्रम में आदिवासी नृत्य, संगीत और रंगमंच के माध्यम से बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलाकारों में विठ्ठल लाड एवं सहकर्मी, सुनंदा नेवसे पाटिल, महेश बनसोडे, दीपाली बड़ेकर, जयवंत हीरे, छायाताई कोरेगांवकर, संदेश शालिनी संभाजी कर्डक, निनाद सिद्धये, बालासाहेब उमाप गजेंद्र मांजरेकर, मंजुषा गोवर्धन पेशवा, अदिति पोपट सातपुते, अनहद संध्या संदेश सहित अनेक कार्यकर्ता कलाकार शामिल हुए। इसके अलावा, राजा अडाते, काशीनाथ निकालजे, सुनील साल्वे, प्रदीप सूर्यवंशी और अन्य कई समर्पित आयोजकों ने इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की।

### विशेष प्रस्तुतियाँ और समन्वय

इस साल के कार्यक्रम का कॉन्सेप्ट रवि भीलाने ने तैयार किया और आयोजन का समन्वय संजय शिंदे, भानुदास धुरी, ज्योति बाडेकर, अशोक विट्ठल जाधव, राजू शिरधंकर, संदेश गायकवाड़, प्रशांत राणे जैसे कई लोगों ने किया। कार्यक्रम की खासियत थी माईसाहेब अंबेडकर के शब्दों, महात्मा फुले और शाहू महाराज की व्यक्तित्व प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को भावविभोर करना। साथ ही, स्वर्गीय नामदेव वटकर के परिवार को सम्मानित कर उनके योगदान को याद किया गया।

# पतंग काटने के विवाद में किशोर की पिटाई

**तीन के खिलाफ मामला दर्ज**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी के नई बस्ती के नेहरू नगर इलाके में पतंगबाजी को लेकर हुए विवाद ने हिंसा का रूप ले लिया। 16 वर्षीय किशोर और उसके परिवार के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत के बाद भिवंडी शहर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पतंग काटने के आरोप पर शुरू हुआ झगड़ा

पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर के यादगार चौक में रहने वाली महिला ने शिकायत में बताया कि उसका 16 वर्षीय बेटा अपनी बहन के साथ घर के बाहर खड़ा था। तभी मोहल्ले का एक किशोर आया और उस पर पतंग काटने का आरोप लगाया। लड़के ने आरोप से इनकार किया, लेकिन आरोपी ने उसे थप्पड़ मार दिया। बहन ने बचाने की कोशिश की तो उसे भी धक्का दे दिया गया।

### दो महिलाओं ने भी की मारपीट, पुलिस ने तीन पर केस दर्ज किया



हंगामे के दौरान आरोपी पक्ष की दो महिलाएं—अकिलाबानो और शकीलाबानो—भी मौके पर पहुंचीं और उन्होंने पीड़ित किशोर की पिटाई की, जिससे वह घायल हो गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक किशोर और दो महिलाओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 118(1), 352 और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# पंजाब मेल एक्सप्रेस में महिला यात्री का छूटा पर्स

**बरामद कर आरपीएफ ने यात्री तक पहुंचाया**

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

आरपीएफ पुलिस ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक महिला यात्री को उसका पर्स लौटा दिया। पर्स में लाखों रुपये के आभूषण, मोबाइल और जरूरी दस्तावेज मौजूद थे, जो पंजाब मेल ट्रेन में छूट गया था। बैग मिलने के बाद महिला यात्री ने आरपीएफ पुलिस आभार व्यक्त किया।

### 139 पर शिकायत दर्ज कराई

कल्याण की रहने वाली रेणुका श्रीवास्तव झांसी से मुंबई आ रही पंजाब मेल में सफर के दौरान अपना पर्स गलती से ट्रेन में छोड़ गईं। पर्स में लाखों रुपये के आभूषण, मोबाइल और महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। भीड़ और अधिक सामान होने के कारण उन्होंने पर्स एस-6 कोच की सीट संख्या 80 पर ही छोड़ दिया। कुछ ही समय बाद प्लेटफॉर्म पर आते ही उन्हें पर्स याद आया और उन्होंने तुरंत रेलवे हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दर्ज कराई।




### आरपीएफ की तत्परता से सुरक्षित बरामदगी

दादर आरपीएफ की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पर्स को सुरक्षित बरामद कर लिया। इस काम में उप-निरीक्षक वर्षा चंद्रवंशी, महिला आरक्षक सोनम यादव और रानी यादव की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरी तत्परता और ईमानदारी के साथ पर्स को रेणुका को सौंपा गया। रेणुका और उनके परिवार ने आरपीएफ टीम की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। आरपीएफ की त्वरित कार्रवाई ने यात्रियों के विश्वास और सुरक्षा को एक बार फिर मजबूत किया है।

# ट्रांसपोर्टर पर लोहे की रॉड से हमला

**तीन आरोपियों पर मामला दर्ज**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी के शांतिनगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना 29 नवंबर की रात करीब साढ़े नौ बजे तय्यब मस्जिद के पास हुई। शिकायत के अनुसार पीड़ित आवेश अब्दुल हफीज अंसारी अपने भाई के साथ ट्रक में सामान भर रहे थे, तभी आरोपी रोशन अली खान ने ट्रक के रास्ते में गाड़ी खड़ी कर ट्रैफिक जाम किया। विरोध करने पर उसने पीड़ित और उनके भाई के साथ गाली-गलौच की, जिसके बाद उसके साथी अब्दुल करीम और अब्दुल हकीम भी मौके पर पहुंच गए।

### तीनों आरोपी फरार



आरोप है कि झगड़े के दौरान अब्दुल हकीम ने लोहे की रॉड से पीड़ित पर हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। किसी तरह पीड़ित खुद को बचाकर शांतिनगर पुलिस स्टेशन पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रोशन अली खान, अब्दुल करीम खान और अब्दुल हकीम खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। सभी आरोपी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

# दो नाबालिग बच्चों पर मवेशियों का इंजेक्शन लगाने का आरोप

**आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

**शर्मनाक**

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर में एक व्यक्ति ने गुस्से में आकर दो नाबालिग बच्चों को मवेशियों के लिए इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन से घायल कर दिया। आरोपी ने बच्चों को डराकर भगाने के लिए यह अमानवीय हरकत की। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### मामला दर्ज, जांच जारी



पुलिस के अनुसार, 3 दिसंबर की रात लगभग 9 बजे आज़ादनगर, शिव मंदिर के पास राम भाऊ म्हालगी चौक में मुकेश अशोक गुप्ता और उसका मित्र युवराज शर्मा सड़क किनारे खड़े थे। तभी आरोपी कन्हैया कुंजबिहारी यादव उर्फ शिवा ने बच्चों पर मवेशियों के इंजेक्शन से वार किया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उल्हासनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर महिला पुलिस उपनिरीक्षक निकिता भोईगड़ को जांच सौंप दी है। इंजेक्शन मवेशियों के लिए था, इसलिए बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति गंभीर मानी जा रही है।

# काबावत ब्रूस फैक्ट्री में भीषण आग

**फायर ब्रिगेड पर देरी के आरोप**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी तालुका के कालहेर स्थित जयमाता दी कंपाउंड में बुधवार देर रात बड़ी दुर्घटना हो गई। काबावत कलर ब्रूस बनाने वाली दो मंजिला फैक्ट्री में रात करीब 11:30 बजे अचानक भीषण आग लगने से पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। तेज़ लपटें उठते ही आसपास के लोग दहशत में आ गए और इलाके में भगदड़ जैसा माहौल बन गया। सूचना मिलते ही भिवंडी-निजामपुर फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी और एक पानी का टैंकर मौके पर पहुंचे। आग की गंभीरता को देखते हुए ठाणे से भी एक फायर ब्रिगेड वाहन और एक टैंकर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग को नियंत्रित किया, लेकिन तब तक फैक्ट्री पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी।



### स्थानीयों ने लगाया फायर ब्रिगेड पर देरी का आरोप

घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने फायर विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि रात 11 :30 बजे सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां करीब 1 बजे पहुंचीं। इस देरी के कारण आग ने भयानक रूप ले लिया और पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया।

### कारणों की जांच जारी

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। अधिकारियों ने बताया कि आग पूरी तरह बुझा दी गई है। पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम फैक्ट्री के अंदरूनी हिस्सों की जांच कर रही है ताकि आग के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

### लाखों का नुकसान, कोई हताहत नहीं

इस हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। हालांकि फैक्ट्री में मौजूद कच्चा माल, मशीनें और तैयार उत्पाद पूरी तरह जल गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। फायरमैन नितीन लाड ने बताया कि आग दो मंजिला संरचना में तेजी से फैल गई थी।

# परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कई विकास कार्यों का किया उद्घाटन

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

ओवला-मजीवड़ा विधानसभा क्षेत्र में ठाणेकरों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम विधायक व परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के कॉन्सेप्ट और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। मौके पर ठाणे मनपा के अधिकारी, पूर्व नगरसेवक और स्थानीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### '80% समाजकार्य, 20% राजनीति' की विचारधारा पर जोर

अपने संबोधन में सरनाईक ने कहा कि वे शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा—80% समाजकार्य और 20% राजनीति—पर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि उनकी टीम चुनावी राजनीति से आगे बढ़कर सालभर आम लोगों के लिए उपलब्ध रहती है और सभी जाति-धर्म के लोगों को साथ लेकर सामूहिक विकास की दिशा में काम करती है।

### स्विमिंग पूल, कम्युनिटी हॉल और श्मशान घाट का लोकार्पण



मंत्री सरनाईक ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा दिए गए बड़े फंड के चलते ठाणे शहर के विभिन्न इलाकों में स्विमिंग पूल, कम्युनिटी हॉल और श्मशान घाट जैसी जरूरतमंद सुविधाओं का निर्माण पूरा हुआ। इन परियोजनाओं के उद्घाटन से स्थानीय निवासियों को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शहीदी समागम प्रोग्राम की हुई बैठक

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों से मिलकर काम करने की अपील की है, ताकि "हिंद दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर" के 350वें शहीदी समागम को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जा सके। शहीदी समागम 21 दिसंबर को सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक नवी मुंबई के खारघर के ओवल मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे, जबकि रायगढ़ के जिलाधिकारी किशन जावले ने अरंबथा या 'अरदास' के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसमें सिख, सिकलकर, बंजारा, लबाना, सिंधी और मोहिवाल कम्युनिटी समेत अन्य समुदायों के लाखों लोग हिस्सा लेंगे।

### तैयारियों की हुई समीक्षा

इस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी भवन, ठाणे में डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निवासी उपजिलाधिकारी, जिला पब्लिसिटी और प्रमोशन कमिटी के कोऑर्डिनेटर संदीप माने, ठाणे डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग ऑफिसर वैभव कुलकर्णी, भिवंडी, अंबरनाथ, उल्हासनगर तहसीलदार, नवी मुंबई मनपा उपायुक्त, पुलिस अधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही 'हिंद दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर' की डिस्ट्रिक्ट लेवल पब्लिसिटी कमिटी के नॉन-ऑफिशियल मेंबर और गुरुद्वारों, कम्युनिटी तथा ऑर्गनाइजेशन के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

# नगरपालिका चुनावों में लोकतंत्र का चीरहरण : सपकाल

▶▶ सालेकसा में 17 ईवीएम तोड़कर दोबारा वोटिंग कराने का आरोप

देवेंद्रनाथ जैस्वार । मुंबई

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने हाल ही में संपन्न नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में लोकतंत्र की अवमानना का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने गोंदिया जिले की सालेकसा नगर पंचायत में मतदान के बाद 17 EVM मशीनों की सील तोड़े जाने और दोबारा मतदान कराने के मामले को गंभीर बताया। इसके बावजूद अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।



## चुनाव प्रक्रिया पर सवाल

'तिलक भवन' में मीडिया से बातचीत में सपकाल ने कहा कि राज्य में 10 साल बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से स्थानीय निकायों के चुनाव हो रहे थे, लेकिन सत्ताधारी पक्ष, प्रशासन और चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया का मजाक बना दिया। उन्होंने बोगस वोटिंग और नियमों की अनदेखी का आरोप लगाया।

## चुनाव आयोग से कड़ी कार्रवाई की मांग

सपकाल ने चुनाव आयोग को टीएन शेषन जैसे कड़े अधिकारी की तर्ज पर काम करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि ईवीएम हैकिंग, वोट चोरी और मतदान में धांधली के मुद्दे पर कांग्रेस 14 दिसंबर को दिल्ली में देशव्यापी रैली आयोजित कर रही है।

## किसानों को नुकसान और सरकार की लापरवाही

सपकाल ने भाजपा सरकार पर किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मई से अक्टूबर तक हुई बारिश ने फसलें बर्बाद कर दीं और किसानों को भारी नुकसान हुआ। 33 हजार करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा के बावजूद कोई सहायता किसानों तक नहीं पहुंची और केंद्र को प्रस्ताव भी नहीं भेजा गया।

## केंद्र और राज्य सरकार पर हमला

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में महाराष्ट्र सरकार की पोल खोली। सपकाल ने कहा कि भाजपा-महायुति सरकार और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस किसानों की मदद नहीं करना चाहते। केंद्र से राज्य के लिए धनराशि नहीं भेजी गई और प्रस्ताव पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## महायुति की आलोचना

सपकाल ने कहा कि सत्ता में आए एक साल में भाजपा-महायुति सरकार का बौद्धिक और आर्थिक दिवालियापन दिखा। उन्होंने चुनावी वादों की अनदेखी, माफियाओं को संरक्षण और जाति-धर्म के विवाद पैदा करने का आरोप लगाया। सपकाल ने सरकार पर 'पैसा फेंक तमाशा देख' जैसी नीतियों के चलते राज्य में सामाजिक और आर्थिक अस्थिरता पैदा करने का आरोप भी लगाया।

# मुंबई में 17 वार्डों में पानी की कटौती

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



मुंबई मनपा भांडुप जलशुद्धिकरण केंद्र को पानी सप्लाई करने वाली 2750 मिमी व्यास की तानसा पाइपलाइन बदलने जा रही है। इसके कारण 8 दिसंबर सुबह 10 बजे से 9 दिसंबर सुबह 10 बजे तक शहर के कुल 17 प्रशासनिक वार्डों में पानी की आपूर्ति में लगभग 15 प्रतिशत कटौती की जाएगी। नागरिकों को पानी का संयमित उपयोग करने और बचाकर रखने की सलाह दी गई है।

## पाइपलाइन बदलने का काम

मुंबई मनपा के अनुसार, पुरानी पाइपलाइन हटाकर नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस कार्य में करीब 24 घंटे का समय लगेगा और काम के दौरान पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। प्रभावित वार्डों में ए, सी, डी, जी दक्षिण, जी उत्तर, एच पूर्व, एच पश्चिम, के पूर्व, के पश्चिम, पी दक्षिण, पी उत्तर, आर दक्षिण, आर उत्तर, आर मध्य, एन, एल और एस वार्ड शामिल हैं।

## काम की तारीख में बदलाव

यह पाइपलाइन बदलने का कार्य पहले 3 और 4 दिसंबर को प्रस्तावित था। लेकिन भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शहर में आने वाले लाखों अनुयायियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे आगे बढ़ाकर 8-9 दिसंबर कर दिया गया।

# समुद्र से दूर रहने की चेतावनी

## 7 दिसंबर तक उठेंगी ऊंची लहरें

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



तटों पर घूमने वाले पर्यटकों को चेतावनी दी गई है कि वे समुद्र से दूर रहें। 7 दिसंबर तक समुद्र में लगातार ऊंची लहरें उठने की संभावना है, जो साढ़े चार मीटर से अधिक हो सकती हैं। बीएमसी के अलर्ट के अनुसार, 6 दिसंबर की मध्यरात्रि को लहरों की ऊंचाई 5.03 मीटर तक पहुंच सकती है।

## ज्वार के समय विशेष सावधानी

मुंबई मनपा के आपदा प्रबंधन विभाग ने ज्वार का विस्तृत समय-सारणी जारी किया है और नागरिकों को समुद्र तट के पास न जाने की सलाह दी है। ज्वार के दौरान समुद्र के नजदीक जाना खतरनाक हो सकता है। मनपा और मुंबई पुलिस द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर चैत्यभूमि और शिवाजी पार्क में आने वाले अनुयायियों को भी समुद्र तट पर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

## सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

मुंबई मनपा के अनुसार लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी आपात स्थिति से बचने के लिए सतर्क रहना जरूरी है। समुद्र में 4.14 मीटर से 5.03 मीटर तक की ऊंची लहरें उठने का अनुमान है, और सबसे ज्यादा ऊंची लहरें 6 दिसंबर की रात 12:39 बजे 5.03 मीटर तक पहुंच सकती हैं।

# पूर्व प्रोफेसर हनी बाबू को हाईकोर्ट से मिली जमानत

▶▶ पांच साल से अधिक समय तक तलोजा जेल में रहे बंद



मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर हनी बाबू को जमानत दी। पांच साल से अधिक समय बाद उन्हें यह राहत मिली है। हनी बाबू की गिरफ्तारी एल्गार परिषद-माओवादी लिंक मामले में हुई थी। जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस रंजीत सिंह भोसले की खंडपीठ ने बाबू की जमानत याचिका मंजूर की। अदालत का विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं कराया गया है।

## हाईकोर्ट ने खारिज की एनआईए की याचिका

हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हनी बाबू की जमानत पर रोक लगाने की मांग को खारिज किया, ताकि वह सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सके। हनी बाबू ने मुख्य रूप से बिना मुकदमे के लंबे समय तक जेल में रहने के आधार पर जमानत मांगी थी। उनके वकील युग मोहित चौधरी ने कहा था कि अभी तक आरोप तय भी नहीं हुए हैं और निचली कोर्ट में उनकी आरोपमुक्त करने वाली अपील भी लंबित है। एनआईए ने आरोप लगाया कि हनी बाबू प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के कमांडरों के निर्देश पर माओवादी गतिविधियों और विचारधारा को फैलाने की साजिश में शामिल थे। उन्हें जुलाई 2020 में गिरफ्तार किया गया था और वह नवी मुंबई की तलोजा जेल में बंद थे।

## भीमा कोरेगांव स्मारक के पास भड़की थी हिंसा

31 दिसंबर 2017 को पुणे के शनिवारवाड़ा में एल्गार परिषद का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह मामला कथित भड़काऊ भाषणों से जुड़ा है। पुलिस का दावा है कि इन भाषणों के कारण अगले दिन भीमा कोरेगांव स्मारक के पास हिंसा भड़की। इस हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। इस मामले में दर्जनों कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों को आरोपी बनाया गया था। इसकी जांच शुरुआत में पुणे पुलिस ने की थी। लेकिन बाद में इसे एनआईए को सौंप दिया गया।

# 'बिकाऊ नहीं है छत्रपति-अत्रे और गणपति का नाम'

## लोकसभा में उठा देवी-देवताओं और महापुरुषों के नामों का व्यवसायीकरण का मुद्दा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई/नई दिल्ली

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ ने महायुति सरकार पर देवी-देवताओं और महापुरुषों के नामों का व्यवसायीकरण करने का आरोप लगाया। गायकवाड़ ने कहा कि मुंबई मेट्रो ३ मार्ग के कुछ महत्वपूर्ण स्टेशनों, जैसे सिद्धिविनायक, महालक्ष्मी, छत्रपती शिवाजी महाराज और नेहरू साइंस सेंटर, के नाम बदलकर कॉर्पोरेट कंपनियों के नाम लगाने से मुंबईवासियों में भारी नाराजगी पैदा हुई है।



## लोकसभा में उठाया मुद्दा

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद वर्षा एकनाथ गायकवाड़ ने लोकसभा में इस संबंध में तात्कालिक कार्रवाई की मांग की। उनके अनुसार, हिंदू देवताओं और महापुरुषों के नाम पैसों के लिए कंपनियों को देना अपमानजनक है और सरकार को तुरंत हस्तक्षेप कर इन नामों को पुनः पूर्ववत करना चाहिए।

## पंडित नेहरू का अपमान

सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री थे और देश के विकास में उनका बड़ा योगदान है। लेकिन नेहरू साइंस सेंटर स्टेशन के नाम से नेहरू का नाम हटाना पंडित नेहरू का अपमान है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी देवता या महापुरुष के नाम के आगे कंपनियों के नाम लगाना उचित नहीं है। इसलिए नागरिकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मेट्रो स्टेशन के नाम में बदलाव करना आवश्यक है।

## अक्वा लाइन में नेटवर्क समस्या

सांसद वर्षा गायकवाड़ ने मेट्रो की अक्वा लाइन भूमिगत मार्ग पर मोबाइल नेटवर्क न होने की समस्या पर भी जोर दिया। इस समस्या के कारण यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। नेटवर्क न होने की वजह से यात्रियों को मोबाइल पर टिकट खरीदने में भी मुश्किल हो रही है। सांसद ने सरकार से इस समस्या की ओर तुरंत ध्यान देने की मांग की है।

# आज से 13 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री बंद

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेलवे ने महाराष्ट्र के प्रमुख 13 रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म की टिकटों की बिक्री बंद कर दी है। रेलवे ने यह फैसला इन स्टेशनों पर होने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए लिया गया है। इस दौरान दो दिनों पर यहां पर पूरी तरह से टिकटों की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। रेलवे ने इन स्टेशनों की लिस्ट जारी कर दी है। यात्रियों से अपील की है कि घर से निकलने से पहले नाम जरूरी चेक कर लें।




## आज से प्रतिबंध होगा शुरू

मध्य रेलवे के सीपीआरओ डा.स्वप्निल नीला के अनुसार महापरिनिर्माण दिवस की वजह से 13 स्टेशनों में 5 दिसंबर से 7 तारीख दिसंबर तक प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री नहीं होगी। यह फैसला अनुयायियों की भारी भीड़ के ट्रेनों में सफर करने को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जिससे यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो! ये सुविधाजनक सफर कर सकें! इस प्रतिबंध से बुजुर्ग व्यक्ति, सीनियर सिटिजन, बीमार यात्री, बच्चे, अशिक्षित यात्री या ऐसी महिलाएं जो अकेले सफर करने में असमर्थ हैं, इनके साथ आने वाले व्यक्तियों को प्रतिबंधों से छूट दी जाएगी!

## ये स्टेशन हैं शामिल

जिन स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री नहीं की जाएगी, उसमें मुंबई डिवीजन के सीएसएमटी और दादर स्टेशन में पांच से सात दिसंबर तक, भुसावल डिवीजन के भुसावल, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, अकोला, शेगांव, बडनेरा, माल्कापुर और चालीसगांव, पांच और छह दिसंबर को नागपुर डिवीजन के नागपुर स्टेशन में पांच और छह दिसंबर को प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री नहीं होगी। रेलवे ने लोगों से अपील की है कि वे परिजनों को स्टेशन के बाहर तक छोड़कर लौट जाएं। अगर कोई बुजुर्ग, बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला है तो उसकी मदद के लिए कर्मी तैनात किए गए हैं!

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने लीलावती ट्रस्ट का मुकदमा खारिज किया

▶▶ पूर्व ट्रस्टी से 17.20 करोड़ की वसूली की थी मांग

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



बॉम्बे उच्च न्यायालय ने लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट द्वारा अपने पूर्व स्थायी ट्रस्टी, निकेत मेहता, से 17.20 करोड़ रुपये वसूलने की मांग वाला मुकदमा खारिज कर दिया। ट्रस्ट का आरोप था कि मेहता ने अस्पताल के फ्लैट और कार्यालय का अनुचित उपयोग किया। ट्रस्ट ने दिसंबर 2024 में हाईकोर्ट में दावा किया था कि मेहता ने 12वीं मंजिल पर 2,849 वर्ग फुट का फ्लैट जनवरी 2007 से अप्रैल 2015 तक पारिवारिक निवास के रूप में और लगभग दो वर्षों तक 360 वर्ग फुट के कार्यालय का अनुचित उपयोग किया। मेहता ने मुकदमे को खारिज करने की मांग करते हुए तर्क दिया कि ट्रस्ट ने महाराष्ट्र पब्लिक ट्रस्ट्स (एमपीटी) अधिनियम की धारा 51 के तहत चैरिटी कमिश्नर की अनिवार्य सहमति नहीं ली, जिसके कारण मामला वैध रूप से आगे नहीं बढ़ सकता। ट्रस्ट ने मेहता को अतिक्रमणकारी बताया, लेकिन न्यायालय ने इसे स्वीकार नहीं किया। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव ने नोट किया कि ट्रस्ट ने अपने दस्तावेज़ों में मेहता को पूर्व स्थायी ट्रस्टी के रूप में ही स्वीकार किया था और उनके खिलाफ आपत्ति केवल संपत्तियों के कब्जे तक ही सीमित थी।

पश्चिम रेलवे

निर्माण, आपूर्ति एवं फिटमेंट कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (रोलिंग स्टॉक), ईएमयू कार शेड, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे, मुंबई-400034 **ई-निविदा सूचना संख्या DRM/RS/2025-26/6-R दिनांक 01.12.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** सीमेंस रेक के कोचों के 657 दरवाजों में ग्रैब हैंडल (एसएस हैंड होल्ड्स) की आपूर्ति, निर्माण एवं फिटमेंट कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** 42,20,824.23 **ईएमडीः** 84,400/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 24.12.2025 को 15:00 बजे तक। **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 24.12.2025 को 15:30 बजे। वेबसाइट विवरणः निविदा को वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा एवं ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। 0858

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

ऑलराउंडर स्टाफ चाहिए:
होटल मधुरम फूड्स ,&
Kitchen कांदिवली वेस्ट मुंबई,
कुक, हेल्पर, डिलीवरी बॉय।
रहना-खाना फ्री।
वेतन योग्यता अनुसार।
add-
Bhumipark Jankalyan Nagar
Malad west
संपर्क:
8433650469 / 7208888007

# कॉलेज में बुर्का बैन

## भूख हड़ताल पर बैठी छात्राएं

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई के गोरेगांव स्थित विवेक विद्यालय और जूनियर कॉलेज में क्लासरूम में बुर्का पहनने पर प्रतिबंध लगाने को लेकर विवाद तेज हो गया है। मुस्लिम छात्राएं इस फैसले का विरोध कर रही हैं और इसे उनकी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन बता रही हैं। छात्राएं कॉलेज गेट के बाहर अनशन पर बैठी हैं और कह रही हैं कि इस नए नियम के बारे में उन्हें पहले कोई सूचना नहीं दी गई थी।




## छात्राओं का विरोध और असुविधा

छात्राओं का कहना है कि कक्षाओं में जाने से पहले उन्हें बुर्का हटाने के लिए कहा जा रहा है, जिससे वे असहज महसूस कर रही हैं। एक छात्रा ने कहा कि अगर उन्हें पहले से पता होता कि ऐसा नियम लागू है, तो वे कॉलेज में एडमिशन नहीं लेतीं। कॉलेज प्रशासन के अचानक इस फैसले पर छात्राएं नाराज हैं और विरोध जारी रख रही हैं।

## AIMIM का समर्थन

विवाद में एआईएमआईएम भी शामिल हो गई है। मुंबई महिला विंग की उपाध्यक्ष जहानआरा शेख ने छात्रों का समर्थन करते हुए कॉलेज प्रशासन से इस प्रतिबंध को तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह नियम एडमिशन के बाद बनाया गया जबकि पहले ऐसा कोई नियम नहीं था। छात्रों को क्लास में बुर्का हटाने के लिए मजबूर करना अन्यायपूर्ण है।

## कॉलेज प्रशासन की प्रतिक्रिया

कॉलेज प्रशासन का कहना है कि यह फैसला अनुशासन, एकरूपता और तटस्थ शैक्षणिक माहौल बनाए रखने के लिए लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध केवल उन बुर्कों और नकाब पर लागू होता है जो पूरा चेहरा ढकते हैं, जबकि हिजाब पहनने की अनुमति है। प्रशासन ने इस फैसले को धर्म से जोड़ने को गलत बताया।

# निर्माणाधीन इमारत से गिरकर मजदूर की मौत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

विक्रोली में 3 दिसंबर को एक निर्माणाधीन इमारत की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद 47 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। यह घटना कन्नमवार नगर, विक्रोली (पूर्व) में बीएमसी स्कूल के सामने श्रद्धा प्रोजेक्ट निर्माण स्थल पर हुई, जहाँ मृतक तपन राजमोहन दास बढ़ई के रूप में काम कर रहे थे। एफआईआर के अनुसार, दास निर्माण स्थल पर रहते थे और सुबह 11:30 बजे के आसपास पार्किंग संरचना पर अपनी नियमित बढ़ईगीरी का काम कर रहे थे। तीसरी मंजिल पर सेंटरिंग नट और बोल्ट खोलते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर गए, जिससे सिर पर गंभीर चोटें आईं। साथी मजदूर वीरेंद्र दास उन्हें महात्मा फुले अस्पताल लेकर पहुंचे, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती कराने से पहले मृत घोषित कर दिया। विक्रोली पुलिस ने पहले ही आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया था। बाद में बृंदावन की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 106 और 3(5) के तहत दर्ज किया गया है।



पश्चिम रेलवे

मुंबई मंडल में "सभी वाहनों हेतु पे एंड पार्क" का संचालन

मंडलीय रेलवे प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, पार्किंग अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008। कार्य का विवरणः मुंबई मंडल में "**सभी वाहनों हेतु पे एंड पार्क**" का संचालन।

| | |
|---|---|
| नीलामी सूची (ऑक्शन कैटलॉग) संख्याः BCT-PKG-2526-43 | ईएमडी (जमानत राशि): वार्षिक बोली मूल्य का 10% |
| ई-नीलामी की तिथिः 17.12.2025 | ई-नीलामी का समयः 12:00 बजे |

| क्रमांक | स्टेशन | लोकेशन | क्षेत्रफल(वर्गमीटर) | कार्यकाल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मधी | नई बिल्डिंग के पास | 757.87 | 03 साल |
| 2 | खंडबारा | दक्षिण पूर्व | 400 | 03 साल |
| 3. | नवापुर | दक्षिण पश्चिम | 479 | 03 साल |
| 4 | चिंचपाड़ा | दक्षिण पश्चिम | 192 | 03 साल |
| 5 | नंदुरबार | दक्षिण पश्चिम | 624 | 03 साल |
| 6 | बोईसर | पश्चिम | 2035.78 | 03 साल |
| 7 | पालघर | दक्षिण पश्चिम | 272.8 | 03 साल |

**नोटः** अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS की वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। स्थलों से संबंधित जानकारी उपर्युक्त उल्लिखित कैटलॉग के लॉट विवरण में उपलब्ध है। 0861

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें X.com/WesternRly

संपादकीय

# 'साथी' पर अविश्वास

हाल ही में केंद्र सरकार ने निर्देश दिए थे कि आगामी वर्ष मार्च से हर नये स्मार्टफोन में 'संचार साथी' ऐप पहले इंस्टॉल करना अनिवार्य होगा। दूसरी ओर पुराने स्मार्ट फोनों में इसे सॉफ्टवेयर अपडेट द्वारा भेजा जाएगा। जिसको लेकर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी और शीतकालीन सत्र में इसे बड़ा मुद्दा बनाया। विपक्ष का कहना था कि इससे निजता का उल्लंघन होगा और व्यक्ति के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ जाएगा। विपक्ष ने इसे संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण व नागरिकों की निगरानी करने वाला टूल बताया। इस बहस के बीच विपक्ष को नया मुद्दा मिलते देख केंद्र सरकार ने अनिवार्य तौर पर ऐप प्री-इंस्टॉल करने का अपना फैसला वापस ले लिया। दरअसल, सरकार का कहना था कि डिजिटल होती दुनिया में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सुरक्षा देने के मकसद से यह पहल की गई थी। उसका कहना था कि लगातार जटिल होते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये ऐसी पहल अपरिहार्य है। लेकिन विपक्ष का आरोप था कि साइबर अपराधों के खिलाफ सुरक्षा के नाम पर सरकारी हस्तक्षेप से नई तरह की असुरक्षा पैदा हो सकती है। बताया जाता है कि सरकार ने स्मार्टफोन में साइबर सुरक्षा ऐप इस तरह इंस्टाल करने को कहा था ताकि उसे डिलीट या अक्षम न किया जा सके। केंद्र की दलील थी कि यह ऐप उपभोक्ता को धोखाधड़ी वाले फोन और संदेशों की रिपोर्ट लिखवाने में मदद करता। साथ ही चोरी किए गए मोबाइल की बरामदगी आसान हो पाती। लेकिन निजी डेटा सुरक्षा व इसकी कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए गए, जिसके चलते इसका विरोध हुआ। वैसे सर्च इंजन में पहले से मौजूद इस ऐप को देश के लाखों लोग पहले ही स्वेच्छा से डाउनलोड कर चुके हैं। लेकिन इसको अनिवार्य रूप से इंस्टॉल करने के आदेश के बाद विरोध के स्वर उभरने लगे। जिसके बाद विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसके जरिये व्यक्ति की निजता का अतिक्रमण करके उसके जीवन में ताक-झांक की जा सकती है। हालांकि, विरोध के सुर मुखर होने के बाद सरकार की ओर से स्पष्टीकरण आया कि यह निर्णय वैकल्पिक है और कोई व्यक्ति इस ऐप को इच्छानुसार डिलीट कर सकता है। निस्संदेह, निजता हमारा मौलिक अधिकार है। ऐसे में किसी ऐप की अनिवार्यता से व्यक्ति की गोपनीयता में खलल पड़ने की आशंका जतायी जाने लगी। पिछले दिनों सरकार ने व्हाट्स ऐप व टेलीग्राम आदि कम्युनिकेशन ऐप्स संचालक कंपनियों से कहा था कि वे अपनी सेवा को मोबाइल के सिम कार्ड से जोड़कर रखें। ताकि सिम के बिना इन ऐप का दुरुपयोग न हो सके। जिसको लेकर टेलि-कम्युनिकेशन कंपनियों ने सकारात्मक प्रतिसाद दिया था। निस्संदेह, निजता का अधिकार देश में मौलिक अधिकार के रूप में मौजूद है। शीर्ष अदालत ने भी अपने एक निर्णय के जरिये स्पष्ट किया था कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 21 में 'राइट टू प्राइवेसी' में भी निहित है। जिसके अंतर्गत मोबाइल, इंटरनेट व डिजिटल जानकारियां भी शामिल हैं। ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों से इतर व्यक्ति को अपनी डिजिटल संप्रभुता की सुरक्षा का हक है। यही वजह है कि विगत में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि मोबाइल व निजी कंपनियां उपभोक्ता से आधार कार्ड नहीं मांग सकती। इस फैसले को तब निजता की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया था। यही वजह है कि 'संचार साथी' की अनिवार्यता के बाद निजता व व्यक्ति के डेटा में सरकारी दखल को लेकर सवाल उठने लगे। निस्संदेह, आज के डिजिटल युग में व्यक्ति का डेटा बेहद महत्वपूर्ण है। जिसकी हर कीमत पर सुरक्षा की जानी चाहिए। वहीं इसके साथ ही इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि कहीं कुछ अन्य ऐप हमारे डेटा में तो सेंध नहीं लगा रहे हैं? सरकार को इससे उपभोक्ता की सुरक्षा करनी होगी। वहीं तर्क दिया जा रहा है कि संचार साथी ऐप को अनिवार्य करने के बजाय आम लोगों को नई तकनीक और इसके इस्तेमाल के लिये सतर्क करने को देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। साथ ही इसके लिये आम जनता को प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। जिससे तकनीक के जरिये साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की मुहिम को गति दी जा सके।

# जिद पर अड़े नक्सली अब नहीं बचेंगे, लौटने का समय खत्म



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार,
साहित्यकार-स्तम्भकार

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले एक बार फिर देश की सुरक्षा एजेंसियों की निर्णायक कार्रवाई के केंद्र में हैं। वेस्ट बस्तर डिवीजन के घने जंगलों में पिछले दो दिनों में हुई मुठभेड़ों ने नक्सलवाद के उस ढहते ढाँचे को उजागर कर दिया है, जो अभी भी हिंसा और विचारधारा की जिद पकड़े हुए है। सरकार वर्ष 2026 तक नक्सलवाद के अड्डों को पूरी तरह मुक्त करने के लक्ष्य के साथ अभियान को तेज कर चुकी है। इसी रणनीति का हिस्सा रहा गंगालूर थाना क्षेत्र में किया गया नवीनतम सर्च ऑपरेशन, जिसमें 12 कुख्यात माओवादी मारे गए और तीन बहादुर जवान शहीद हुए।यह मुठभेड़ मात्र एक और अभियान नहीं, बल्कि उन घटनाओं की श्रृंखला का हिस्सा है जो नक्सली नेतृत्व की लगातार कमजोर होती स्थिति की पुष्टि करती है। सुरक्षा बलों की ओर से बढ़ती घेराबंदी, नई तकनीक, बेहतर खुफिया तंत्र और स्थानीय सहयोग ने नक्सलियों की गतिविधियों को सीमित कर दिया है। यही वजह है कि 2026 का सरकारी अल्टीमेटम, जिस पर लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियां काम कर रही थीं, अब नक्सली संगठन के भीतर भय का कारण बन चुका है।हिड़मा के मारे जाने से नक्सलियों में हड़कंप मच गया है।इस अभियान में जिस एक नाम ने पूरे नक्सली ढांचे को झकझोर दिया, वह है कुख्यात माओवादी कमांडर हिड़मा। बस्तर का यह खूंखार चेहरा पिछले एक दशक में कई बड़े हमलों का मास्टरमाइंड



रहा। उसकी पत्नी का भी मुठभेड़ में ढेर होना इस बात का संकेत है कि नक्सली अब पहले की तरह सुरक्षित ठिकानों में छिपे नहीं रह पा रहे हैं।हिड़मा एक प्रतीक था।नक्सली हिंसा, जिद और जंगल शासन का प्रतीक। उसका मारा जाना नक्सलवाद की रीढ़ पर गहरी चोट मानी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, हिड़मा के खात्मे के बाद नक्सलियों का मनोबल टूटना स्वाभाविक है क्योंकि वह बस्तर में कई डिवीजनों को जोड़ने वाली केंद्रीय कड़ी था।गंगालूर और पश्चिम बस्तर में लगातार दबाव बढ़ रहा है।गंगालूर थाना क्षेत्र, जिसे कभी माओवादी कमांडर पापा राव का सुरक्षित इलाका माना जाता था, अब सुरक्षा बलों की घेराबंदी में है। डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों द्वारा लगातार किए जा रहे सर्च ऑपरेशनों ने माओवादियों की आवाजाही को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। इस मुठभेड़ में 303 रायफल, बड़ी मात्रा में गोलाबारूद, विस्फोटक और माओवादी साहित्य बरामद हुआ है, जो इस बात की पुष्टि करता है कि नक्सली अभी भी बड़े हमलों की योजना बना रहे थे। किंतु सुरक्षा बलों की मुस्तैदी ने उनकी हर योजना को विफल कर दिया।

इतना ही नही,2026 के लक्ष्य का दबाव बढ़ा रहा है अभियान की गति।सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है।2026 तक नक्सल प्रभावित सभी कोर ज़ोन को पूरी तरह मुक्त करना। इसकी तैयारी पिछले कुछ वर्षों में व्यापक रूप से की गई है। सड़कें, दूरसंचार, कैंप, स्वास्थ्य सुविधाएँ, स्कूल और सुरक्षा पोस्ट इन सभी का विस्तार तेज किया गया है। जहाँ पहले सुरक्षा बलों को अंदर घुसने में जोखिम होता था, वहीं अब उनकी उपस्थिति स्थाई रूप से स्थापित हो रही है। यह विस्तार नक्सलियों की उस रणनीति को कमजोर कर रहा है, जिसमें वे ग्रामीण आबादी को काले कानूनों और दहशत के जरिए अपने प्रभाव में रखते थे। नक्सलियों का भीतरी ढांचा जानता है कि एक बार विकास की रोशनी किसी क्षेत्र में स्थाई रूप से पहुँच जाए, तो उनकी जनाधार पर आधारित रणनीति स्वतः ही ध्वस्त हो जाएगी। यही वजह है कि वे 2026 के लक्ष्य को लेकर भयभीत हैं और बचे-खुचे प्रभाव वाले इलाकों में हिंसा करके अपनी उपस्थिति साबित करने का प्रयास कर रहे हैं।मुख्यधारा से जुड़ने की इच्छा क्यों नहीं दिखा रहे नक्सली।

एक बड़ा सवाल उठता है।जब अभियान इतना तेज है और सरकार सरेंडर नीति के तहत कई रियायतें देती है, तो नक्सली मुख्यधारा में क्यों नहीं आना चाहते? इसका उत्तर उनकी विचारधारा की कठोरता में छिपा है।नक्सलियों का शीर्ष नेतृत्व वर्षों से हिंसक संघर्ष को ही समाधान मानता रहा है। उनकी रचना और प्रशिक्षण का आधार यह मान्यता रही है कि सत्ता हथियारों से ही हासिल होगी। यही जिद उन्हें वास्तविक परिवर्तन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से दूर रखती है।

इसके अलावा, उनका संगठनात्मक ढांचा बाहरी राज्यों से संचालित होता है, जहाँ ऊपरी नेतृत्व कभी मैदान में उतरता नहीं, लेकिन स्थानीय कैडर को मौत के मुंह में धकेलता रहता है। इस दोहरे मानदंड ने धीरे-धीरे युवा नक्सलियों के भीतर असंतोष को जन्म दिया है, मगर भय और दबाव उन्हें खुलकर सामने आने नहीं देता।सरेंडर करने वाले कई पूर्व नक्सलियों का कहना रहा है कि जंगल में रहकर वर्षों तक संघर्ष करने के बाद भी उनका जीवन बेहतर नहीं हो पाया, जबकि मुख्यधारा में आकर उन्हें न सिर्फ सुरक्षा मिली बल्कि सम्मानजनक आजीविका भी सुनिश्चित हुई।

बार-बार की गोलीबारी और रुक-रुक कर जारी अभियान चिंताजनक है।पश्चिम बस्तर में पिछले कुछ हफ्तों से रुक-रुक कर गोलीबारी की घटनाएँ जारी हैं। सुरक्षा बलों का मानना है कि नक्सली अब छोटे-छोटे समूहों में बंटकर भाग रहे हैं। घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में वे घात लगाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन तकनीक और रणनीतिक बढ़त के सामने उनकी योजनाएँ लगातार असफल हो रही हैं।

ड्रोन, थर्मल इमेजर, हाई-टेक जीपीएस सिस्टम और स्थानीय मुखबिर तंत्र के कारण अब उनका छिपना लगभग असंभव हो गया है। यही वजह है कि वे बड़े हमले करने की क्षमता खो चुके हैं और केवल पलायनवादी रणनीतियों का सहारा ले रहे हैं।

नक्सलवाद का भविष्य क्या है।

विशेषज्ञों की राय है कि 2026 का लक्ष्य अब वास्तविकता के करीब है। पिछले कुछ वर्षों में बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कांकेर जैसे जिलों में नक्सलियों के कई बड़े ठिकाने ध्वस्त हुए हैं। दर्जनों बड़े कमांडर मारे गए, सैकड़ों ने आत्मसमर्पण किया और हजारों की संख्या में समर्थक धीरे-धीरे मुख्यधारा का हिस्सा बने हैं।

विकास के बढ़ते दायरे, रोज़गार योजनाओं, आधुनिक शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता ने ग्रामीण क्षेत्रों में वह भरोसा पैदा किया है, जो लंबे समय से नक्सलियों के दहशतवाद के कारण दबा हुआ था।आज गांवों में लोग मोबाइल नेटवर्क, सड़क, अस्पताल और स्कूल को अपनी जिंदगी में असली बदलाव लाने वाली चीज़ों के रूप में देख रहे हैं। यह परिवर्तन नक्सलियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है, क्योंकि उनकी विचारधारा हिंसा और बाधा पर आधारित है, निर्माण और विकास पर नहीं।

जीवन मंत्र

# नियति का खेल: एक तस्वीर ने बदल दी ज़िंदगी

हर अगली घटना, पिछली घटना से जुड़ी है और हर मौजूदा घटना भविष्य की किसी घटना से। सबकुछ पूर्व नियोजित है। जैसे एक स्क्रिप्ट लिखी हुई है जिस पर जिंदगी की पिक्चर चल रही है। किसकी किस्मत में आगे क्या लिखा है ये किसी को नहीं मालूम।

ये नियति का खेल है। इस तस्वीर में परेशान,बेहाल और अनमना सा दिखने वाला ये हिन्दुस्तानी लड़का एक मशहूर अदाकारा के साथ जर्मनी की एक मेट्रो में बैठा है जिसे वह नहीं जानता। देखते देखते ये तस्वीर तेज़ी से पूरे जर्मनी में वायरल हो जाती है।

मशहूर जर्मन मैगज़ीन "डेर स्पीगल" ने तस्वीर में दिख रहे भारतीय युवक को जर्मनी में ढूंढना शुरू किया। आखिरकार यह तलाश म्यूनिख में खत्म हुई, जहाँ पता चला कि वह भारतीय युवक गैर-कानूनी तरीके से जर्मनी में रह रहा है।

पत्रकार ने उससे पूछाः "क्या तुम्हें पता है कि तुम्हारे बगल में बैठी गोरी लड़की 'मेसी विलियम्स' थी—मशहूर सीरीज़ गेम ऑफ़ थ्रोन्स की हीरोइन? दुनिया भर में



उसके लाखों फ़ैन हैं जो सिर्फ़ उसके साथ सेल्फ़ी लेने का सपना देखते हैं, लेकिन तुमने बिल्कुल भी रिएक्ट नहीं किया। क्यों?"

युवक ने शांति से जवाब दियाः "जब तुम्हारे पास रहने का परमिट नहीं है, तुम्हारी जेब में एक भी यूरो नहीं है, और तुम हर दिन ट्रेन में 'गैर-कानूनी' तरीके से सफ़र करते हो, तो तुम्हें फ़र्क नहीं पड़ता कि तुम्हारे बगल में कौन बैठा है।"

उसकी ईमानदारी और हालत से इम्प्रेस होकर, मैगज़ीन ने उसे 800 यूरो महीने की सैलरी पर पोस्टमैन की नौकरी ऑफ़र की। इस जॉब कॉन्ट्रैक्ट की वजह से, उसे तुरंत बिना किसी मुश्किल के रेगुलर रहने का परमिट मिल गया।

यह कहानी हमें बताती है कि नियति कैसे काम करती है। हर अगली घटना, पिछली घटना से जुड़ी है और हर मौजूदा घटना भविष्य की किसी घटना से। सबकुछ पूर्व नियोजित है। जैसे एक स्क्रिप्ट लिखी हुई है जिस पर जिंदगी की पिक्चर चल रही है। किसकी किस्मत में आगे क्या लिखा है ये किसी को नहीं मालूम।

जीवन ऊर्जा

वर्नर हाइजेनबर्ग : जन्म- 5 दिसंबर 1901

जन्म

# सत्य तक पहुंचने का कोई शॉर्टकट नहीं है

वर्नर हाइजेनबर्ग एक प्रसिद्ध जर्मन भौतिक विज्ञानी थे, जिन्होंने क्वांटम यांत्रिकी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जन्म 5 दिसंबर 1901 को हुआ था और 1 फरवरी 1976 को उनका निधन हो गया। हाइजेनबर्ग को 'हाइजेनबर्ग अनसर्टेनिटी प्रिंसिपल' के लिए जाना जाता है।

ब्रह्मांड न केवल हमारी सोच से अधिक अजीब है, बल्कि यह हमारी सोच से भी अधिक अजीब है। हम जो देखते हैं वह प्रकृति नहीं है, बल्कि प्रकृति हमारे प्रश्न पूछने के तरीके से उजागर होती है। पहला निगल गर्मी का मौसम नहीं लाता, लेकिन यह इस बात का संकेत है कि गर्मी आने वाली है। हम प्रकृति को जितना गहराई से देखते हैं, उतना ही हम देखते हैं कि यह आपस में कैसे जुड़ी हुई है। विज्ञान में, सत्य तक पहुंचने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है। भौतिकी में प्रत्येक प्रयोग सत्य को जानने का एक प्रयास है, लेकिन इस प्रक्रिया में, यह हमारी मान्यताओं की सत्यता को सत्यापित करने का भी प्रयास है। अंतरिक्ष और समय की अवधारणाओं को एक एकीकृत सिद्धांत में संयोजित करने का प्रयास आधुनिक भौतिकी के सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों में से एक है। जिसे हम प्रकृति का रहस्य कहते हैं, वह केवल इसके बारे में जानने की क्षमता है।



सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रश्न करना बंद न करें। यह खोज नहीं है, यह जोखिम लेने की इच्छा है जो प्रगति की कुंजी है। हम प्रकृति से हमेशा उससे अधिक सीख सकते हैं जो हम पहले से जानते हैं। आप हमेशा यह नहीं बता सकते कि प्रकृति में क्या हो रहा है, बस उसे देखकर; आपको सवाल करने की ज़रूरत है। ब्रह्मांड के बारे में हमारे विचार हमारे अपने अनुभव की सीमाओं से सीमित हैं। ज्ञान सिर्फ़ अवलोकन से नहीं आता, बल्कि ऐसे पैटर्न खोजने से आता है जो हमें गहरे सत्य को समझने में मदद करते हैं। विज्ञान सत्य की खोज है। हम सिर्फ़ दुनिया के दर्शक नहीं हैं, बल्कि अर्थ और ज्ञान के निर्माण में भागीदार हैं। सबसे बड़ी खोजें पारंपरिक ज्ञान को चुनौती देने और सीमाओं से परे सोचने से आती हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# त्याग नहीं, ज़िम्मेदारी ही सच्चा धर्म है

किसी शांत आश्रम में वर्षों से रह रहा एक वृद्ध साधु मृत्यु के निकट था, पर वह संतुष्ट था क्योंकि उसे विश्वास था कि उसके खाते में ढेरों पुण्य जमा हैं और मोक्ष उसे निश्चित रूप से मिलेगा। तभी एक रात स्वप्न में एक स्त्री आयी और बोली कि अपने एक दिन के पुण्य मुझे दे दो और मेरे एक दिन का पाप ले लो; यह सुनकर साधु बेचैन हो गया कि इतने वर्षों में किसी स्त्री का स्मरण तक नहीं आया और अब अंतिम समय में यह क्यों हो रहा है। उसने मन को स्थिर किया, प्रभु का सुमिरन किया, पर वही स्त्री फिर प्रकट हुई और उसी आग्रह को दोहराया। साधु गुरु के पास गया, गुरु ने कहा कि पुण्य ही तुम्हारी वास्तविक पूंजी हैं, इन्हें किसी को मत देना, वर्षों की तपस्या व्यर्थ हो जाएगी और मोक्ष नहीं मिलेगा; साधु लौटकर फिर ध्यान में बैठ गया, लेकिन स्त्री फिर आयी और उसने कहा कि तुम्हारा गुरु अपूर्ण है—तुम आसक्ति त्यागने का दावा करते हो, पर माया को और जोर से पकड़े बैठे हो, जरूरतमंद की मदद का चरित्र तुममें नहीं रहा, और तुमने घर-परिवार छोड़कर त्याग नहीं बल्कि अहंकार को अपनाया है। साधु का मन भ्रमित हो गया, धर्म कहता है जरूरतमंद की मदद करो और संत मत कहता है पुण्य मत बाँटो; वह असमंजस में डूब गया और ईश्वर से प्रार्थना की कि मार्ग दिखाएँ। स्वप्न में ईश्वर प्रकट हुए और बोले—पहले यह बताओ कि तुम किस पुण्य पर इतरा रहे हो; साधु ने कहा कि तीस वर्षों तक उसने प्रभु-सुमिरन किया, भिक्षा पर रहा, कुछ संचय नहीं किया, परिवार छोड़ दिया—यही उसका तप है। ईश्वर ने कहा कि तीस वर्षों तक तुमने कोई उपयोगी कार्य नहीं किया, न कोई रचनात्मक काम किया, न किसी की सेवा की, बस दूसरों का बनाया खाया और राम-राम जपते रहे; सिर्फ जप करने से पुण्य नहीं जमा होते, इसलिए तुम्हारे खाते में एक भी पुण्य नहीं है। साधु व्याकुल होकर पूछने लगा कि फिर वह स्त्री मेरे पुण्य क्यों चाहती है?



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



ईश्वर ने कहा कि क्या तुमने उसे पहचाना नहीं—वह तुम्हारी पत्नी यशोदा है, जिसे तुम संसार को पाप कहकर तिलांजलि देकर चले आए थे। जब तुम घर से निकले तो वह कई दिन रोई, फिर जब घर का संचय समाप्त हुआ तो काम तलाशने भटकी, पढ़ी-लिखी न होने के कारण कहीं काम न मिला, और अंततः उसने कुष्ठ आश्रम में नौकरी कर ली जहाँ वह रोज बीमारी से बचते हुए परित्यक्त रोगियों की सेवा करती रही—उसकी यह सेवा ही उसके अथाह पुण्य हैं, जिन्हें वह पुण्य नहीं समझती क्योंकि उसे लगता है कि सिर्फ सुमिरन से ही पुण्य मिलते हैं। ईश्वर ने कहा कि उसे आभास हो गया है कि तुम मरने वाले हो, और वह चाहती है कि तुम्हें मोक्ष मिले, इसलिए उसने बार-बार मुझसे प्रार्थना की कि मेरे जीवन का कोई दिन लेकर मेरे पति को मोक्ष दे दो, पर उसे लगता है कि उसके पास कोई पुण्य नहीं, इसलिए मैंने कहा कि एक साधु है, उससे एक दिन का पुण्य माँग लो; वह बोली कि ऐसा कौन साधु होगा जो पाप लेकर पुण्य देगा? मैंने कहा—साधु ऐसे ही होते हैं। वह अपने पुण्य तुम्हें देना चाहती थी और तुम अपने काल्पनिक पुण्यों के घमंड में उलझे रहे; तुम साधु नहीं, अपनी जिम्मेदारियों से भागा हुआ व्यक्ति हो। तुम्हारी पत्नी अब मृत्यु-शैया पर है, उसे कुष्ठ रोग है, पर वह अंतिम सांस तक तुम्हारे लिए मोक्ष माँग रही है। यह सुनकर साधु पसीने से तर-बतर हो गया, नींद टूट गयी, उसने 'यशोदा' पुकारा और हड़बड़ाकर उठ बैठा, भोर हो रही थी; उसने तुरंत झोला बाँधा और गुरु के सामने पहुँचा। गुरु ने पूछा—आज इतनी जल्दी भिक्षा पर? साधु बोला—मैं घर जा रहा हूँ। गुरु ने पूछा—अब क्या करने? साधु ने शांत स्वर में कहा—अब धर्म सीखने। तात्पर्य यह है कि कई लोग धर्म और त्याग के नाम पर अपने वास्तविक कर्तव्यों से भागते हैं, जबकि सच्चा धर्म सेवा, करुणा, जिम्मेदारी और मानवता निभाने में निहित है।

शख्सियत | जोश मलीहाबादी

# उर्दू के महान शायर



जोश मलीहाबादी का असली नाम शबीर अहमद था, लेकिन वे अपनी शायरी के लिए 'जोश' के नाम से प्रसिद्ध हुए। उनका जन्म 5 दिसंबर 1898 को उत्तर प्रदेश के मलीहाबाद शहर में हुआ था। जोश मलीहाबादी को उर्दू साहित्य में उनके शानदार और प्रभावशाली शेरों के लिए याद किया जाता है। वे अपने समय के सबसे बड़े शायरों में से एक माने जाते हैं।

जोश मलीहाबादी की शायरी में हमेशा गहरी संवेदनाएँ, विद्रोही स्वर और राष्ट्रप्रेम की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। उनके शेर केवल शब्दों का मेल नहीं थे, बल्कि समाज की सच्चाइयों को उजागर करने वाली तेज़ धार थे। ₹ख़ूनी हैं तेरे ज़मीरों की यह आवाज़ें₹ और ₹पानी भी झलकता है तुझे होशो-हवास में₹ जैसे प्रसिद्ध शेरों ने उन्हें उर्दू जगत में एक अलग और ऊँचे मुकाम पर पहुँचाया। उनकी शायरी में न सिर्फ प्रेम और पीड़ा की अभिव्यक्ति थी, बल्कि समाज, राजनीति और राष्ट्र के प्रति उनकी गहरी चिंता और जुड़ाव भी साफ दिखाई देता था।

जोश मलीहाबादी दोनों देशों—भारत और पाकिस्तान—में समान रूप से सम्मानित रहे। विभाजन के कठिन दौर, गरीबी, असहमति और आलोचनाओं के बीच भी उन्होंने अपने लेखन को कभी नहीं छोड़ा। उनकी कलम हमेशा अन्याय के खिलाफ उठी और सच का साथ दिया। उनके लेखन में भावनाओं का प्रबल उफान, क्रांति की चिंगारी, और शब्दों की ऐसी ताकत थी, जो पाठकों के दिलों में आज भी वही जुनून जगाती है।

उनका काव्य भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से अत्यधिक प्रभावित था। उन्होंने अपनी नज़्मों और ग़ज़लों से लोगों में जागरूकता और देशभक्ति की भावना को प्रज्वलित किया। उनके काव्य संग्रह 'जोश की शायरी', 'रूस की मुकम्मल तारीख़', 'नक़ूश-ए-जोश' और 'जुगनू' जैसे ग्रंथों ने उन्हें उर्दू साहित्य के महानतम शायरों की श्रेणी में स्थापित कर दिया। उनका लेखन सिर्फ साहित्यिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक आंदोलन था—जो इंसान को उसकी सोच, उसकी पहचान और उसके अधिकारों के प्रति जागरूक करता है।

जोश मलीहाबादी का जीवन जितना संघर्षपूर्ण था, उनकी रचनाएँ उतनी ही उज्ज्वल। उन्होंने अपनी कलम को कभी समझौते का साधन नहीं बनने दिया। 22 फरवरी 1982 को उनके निधन के बाद भी उनकी शायरी उसी ऊर्जा और तेज़ी से लोगों के दिलों में गूंजती है। उर्दू साहित्य में उनका योगदान अमूल्य है, और उनकी कविताएँ व शेर आज भी नए पाठकों को प्रेरित करते रहते हैं। उनकी लेखनी का जज़्बा, उनका विद्रोही तेवर और उनका जोशीला अंदाज़ उर्दू साहित्य को सदियों तक रोशन करता रहेगा।

अपने विचार



SIR के बाद, बिहार में सबसे ज्यादा मतदान हुआ। किसी ने यह नहीं कहा कि उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। बिहार में हिंसा की एक भी घटना नहीं हुई, चुनाव आयोग ने उल्लेखनीय काम किया है।

-संजय झा,
जनता दल यूनाइटेड, सांसद



जब सपा सत्ता में थी तो बेटियां घबराती थीं, दीनदहाड़े गुंडई होती थी। आज ये सब बंद है इसलिए अखिलेश यादव के पेट में दर्द हो रहा है।

-ब्रजेश पाठक,
डिप्टी सीएम, उत्तरप्रदेश



जुल्म, नाइंसाफी के खिलाफ शायद हमें दोबारा लड़ना पड़ेगा और जिहाद करना पड़ेगा। मुल्क में आखिर कब तक इस तरह से मुसलमानों को दबाया जाता रहेगा?

-मोहिबुल्लाह नदवी,
सपा सांसद



वो दो बार उनके साथ गए थे लेकिन जब उनलोगों ने गड़बड़ किया तो उनका साथ छोड़ दिया। इसी के साथ सीएम नीतीश ने यह भी कहा कि वो अब उनके साथ नहीं जाएंगे।

-नीतीश कुमार,
सीएम,बिहार

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### बी.एन.एन कॉलेज का ग्रामीण विकास प्रात्यक्षिक शिविर संपन्न



भिवंडी। बी.एन.एन महाविद्यालय की कला शाखा के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 3 दिसंबर 2025 को खारबाव ग्राम पंचायत में एक दिवसीय प्रात्यक्षिक शिविर आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 'गांव सर्वेक्षण और साप्ताहिक बाजार' विषय पर आधारित इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को ग्रामीण जीवन, स्थानीय समस्याओं, पायाभूत सुविधाओं, आर्थिक गतिविधियों और गांव की वास्तविक परिस्थितियों का प्रत्यक्ष अनुभव देना था। सरपंच महेंद्र द्वारकानाथ पाटील के सहयोग से आयोजित इस उपक्रम में विद्यार्थियों ने गांव की सुविधाओं का सर्वेक्षण किया, साप्ताहिक बाजार की आर्थिक संरचना का अध्ययन किया और ग्रामीण व्यापार को करीब से समझा। ग्राम पंचायत पदाधिकारियों ने ग्रामीण विकास, युवा पीढ़ी की भूमिका और स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर मार्गदर्शन किया। ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख डॉ. निनाद विजय जाधव ने सफल आयोजन के लिए ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रात्यक्षिक उपक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और भविष्य में भी जारी रहेंगे।

### मोहोपे स्टेशन का नाम अब 'पोयंजे'

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार के निर्णय के तहत भारतीय रेलवे ने मोहोपे स्टेशन का नाम बदलकर पोयंजे कर दिया है, जिसका नया स्टेशन कोड PYJE होगा। सरकार की अधिसूचना और भारत के महासर्वेक्षक के पत्र के अनुसार स्टेशन का नया नाम मराठी और हिंदी में 'पोयंजे' तथा अंग्रेज़ी में 'POYANJE' लिखा जाएगा। रेलवे ने सभी रिकॉर्ड, साइनेज, घोषणाएँ और यात्री सूचना प्रणालियों को नए नाम के अनुरूप अपडेट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### विरार स्टेशन पर प्लेटफॉर्म विस्तार कार्य के चलते लोकल सेवा में अस्थायी परिवर्तन

मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा विरार – दहानू रोड खंड के बीच तीसरी और चौथी लाइन परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म कार्य किया जा रहा है। इन कार्यों के तहत विरार स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 3ए का विस्तार और नए होम प्लेटफॉर्म 5ए का निर्माण किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ये कार्य स्टेशन की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ भविष्य में बढ़ते रेल यातायात के सुचारू संचालन में सहायक होंगे। दादर से 10:55 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 92083 दादर – विरार लोकल अब वसई रोड स्टेशन पर शॉर्ट-टर्मिनेट होगी। विरार से 12:10 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 92100 विरार – दादर लोकल अब वसई रोड से 12:20 बजे प्रारंभ होगी।

# महावितरण ने रचा इतिहास

- गिनीज बुक में दर्ज हुई सौर कृषि पंप योजना
- सीएम फडणवीस की उपस्थिति में वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट अवॉर्ड सेरेमनी आज
- एक ही महीने में 45,911 सौर कृषि पंप



डीबीडी संवाददाता | छत्रपति संभाजीनगर

छत्रपति संभाजीनगर में 'मागेल त्याला सौर कृषिपंप' योजना ने एक नया इतिहास रच दिया है। महावितरण ने मात्र एक महीने में 45,911 सौर कृषि पंप स्थापित कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है, जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में आधिकारिक रूप से दर्ज किया गया है। इस उपलब्धि का प्रमाणपत्र 5 दिसंबर 2025 को शेंद्रा एमआईडीसी स्थित ऑरिक सिटी मैदान में आयोजित समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को प्रदान किया जाएगा।

#### उच्चस्तरीय उपस्थिति में होगा सम्मान समारोह

इस समारोह में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, अपरंपरागत ऊर्जा मंत्री अतुल सावे, पालक मंत्री संजय शिरसाट, ऊर्जा राज्यमंत्री मेघना बोर्डीकर, ऊर्जा विभाग की अपर मुख्य सचिव आभा शुक्ला और महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक लोकेश चंद्र भी मौजूद रहेंगे। राज्य सरकार इसे ऊर्जा परिवर्तन और किसानों की बेहतरी की दिशा में एक मील का पत्थर मान रही है।

#### ऑनलाइन पोर्टल से आसान प्रक्रिया, 25 साल तक लाभ

योजना के तहत महावितरण ने किसानों के लिए एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है। आवेदन के बाद मंजूरी से लेकर पंप स्थापना तक की प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी है। किसान, महावितरण और अधिकृत एजेंसी संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण करते हैं और फिर कार्यादेश जारी होता है। एजेंसी को रखरखाव और मरम्मत की पूरी जिम्मेदारी दी गई है। सौर पैनल 25 साल तक बिजली उत्पादन करते हैं, जिससे किसानों को लंबे समय तक बिजली बिल से मुक्ति मिलती है।

#### साढ़े दस लाख सौर कृषिपंप का लक्ष्य

'मांगेगा उसे सौर कृषिपंप' योजना के तहत किसानों को केवल 10% राशि जमा कर सौर पैनल और कृषिपंप का पूरा सेट उपलब्ध कराया जाता है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया, जिसके परिणामस्वरूप महाराष्ट्र पूरे देश में सर्वाधिक सौर पंप लगाने वाला राज्य बन गया है। राज्य ने कुल साढ़े दस लाख सौर कृषि पंप स्थापित करने का लक्ष्य रखा है, जिससे बिजली कनेक्शन के इंतजार में फंसे किसानों की समस्या दूर होगी।

## तत्काल बुकिंग प्रणाली में संशोधन

### ओटीपी सत्यापन के बाद ही जारी होंगे टिकट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे ने रेलवे बोर्ड के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। अब तत्काल टिकट केवल सिस्टम द्वारा जनरेट किए गए वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) के सफल सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे। यह ओटीपी उस मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा जो यात्री बुकिंग के समय दर्ज करेगा, और सत्यापन पूरा होने पर ही टिकट जारी होगा।

#### कई प्रमुख ट्रेनों में शुरू हुई नई प्रणाली




पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के मुताबिक, यह ओटीपी–आधारित प्रणाली 1 दिसंबर 2025 से सबसे पहले 12009/12010 मुंबई सेंट्रल–अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस में लागू की गई थी। अब 5 दिसंबर 2025 से इसे कई अन्य प्रमुख ट्रेनों में भी लागू किया जा रहा है, जिनमें मुंबई सेंट्रल–इंदौर दुरंतो, मुंबई सेंट्रल–हिसार दुरंतो, मुंबई सेंट्रल–हापा दुरंतो, अहमदाबाद–पुणे दुरंतो, साबरमती–जोधपुर वंदे भारत, और कई राजधानी तेजस एक्सप्रेस शामिल हैं।

#### पारदर्शिता और यात्रियों की सुविधा पर जोर

नई ओटीपी–आधारित प्रक्रिया अब कंप्यूटरीकृत पीआरएस काउंटरों, अधिकृत एजेंटों, आईआरसीटीसी वेबसाइट और मोबाइल ऐप—सभी माध्यमों से होने वाली तत्काल बुकिंग पर लागू होगी। इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाना और असली यात्रियों को टिकट प्राप्त करने में अधिक सुविधा सुनिश्चित करना है।

## महिलाओं के कौशल विकास के लिए मनपा और एमसीईडी के बीच करार

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका (BNCMC) और महाराष्ट्र उद्योजकता विकास केंद्र (MCED) के बीच महिलाओं की उद्यमिता, कौशल विकास और डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण सामंजस्य करार (MoU) हुआ। यह करार 3 दिसंबर 2025 को मनपा मुख्यालय में आयुक्त अनमोल सागर (IAS) और MCED के कार्यकारी संचालक विक्रांत बगाडे की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

#### 500 महिलाओं को मिलेगा मुफ्त प्रशिक्षण अवसर



इस पहल के तहत शहर की आर्थिक रूप से कमजोर, उद्यमिता की इच्छुक महिलाओं, वंचित एवं अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं, देह व्यापार से बाहर आकर पुनर्वास चाहने वाली महिलाओं, तथा स्कूल/कॉलेज छोड़ चुकी या हाल ही में पढ़ाई पूरी करने वाली युवतियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रारंभिक चरण में 21 वर्ष से अधिक आयु की 500 महिलाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इस अवसर पर मनपा की अतिरिक्त आयुक्त नयना ससाणे सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

#### 6 प्रमुख ट्रेडों में होगा कौशल प्रशिक्षण

महिलाओं के लिए फैशन और ज्वेलरी डिजाइन, बुटीक–ब्यूटी एवं वेलनेस सेवाएं, फूड प्रोसेसिंग और पाक उत्पाद, हस्तनिर्मित साबुन–मोमबत्तियां–अरोमा उत्पाद, पावरलूम उद्योग आधारित कौशल और लॉजिस्टिक ऑपरेशन्स व डेटा एंट्री जैसे छह ट्रेड चुने गए हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए मनपा मुख्यालय के भूतल पर विशेष मदद एवं सूचना केंद्र स्थापित किया जाएगा, जहां इच्छुक महिलाएं नामांकन कर सकेंगी।

## ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने किया 48 घंटे का उपवास आंदोलन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर देशभर के लोको पायलटों ने 2 दिसंबर 2025 की सुबह 10 बजे से 48 घंटे का शांतिपूर्ण उपवास आंदोलन किया। यह आंदोलन 4 दिसंबर 2025 की सुबह 10 बजे तक चला। वसई रोड स्टेशन (पश्चिम रेलवे) क्रू लॉबी में भी बड़ी संख्या में लोको पायलट और सहायक लोको पायलट इस उपवास में शामिल हुए। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन के दौरान रेल संचालन प्रभावित नहीं हुआ और यह केवल संवैधानिक तरीके से अपनी मांगें व्यक्त करने के लिए किया गया।

#### सुरक्षा और स्वास्थ्य पर जोर



एसोसिएशन के नेताओं ने कहा कि इन मांगों का उद्देश्य रेलवे स्टाफ की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियों को सुनिश्चित करना है। उनका मानना है कि सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए स्वस्थ, पर्याप्त विश्राम प्राप्त और संतुलित कार्य–समय वाला स्टाफ अनिवार्य है। एआईएलआरएसए ने यह भी कहा कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और कर्मचारियों ने संयमित तरीके से अपनी आवाज उठाई। उन्होंने उम्मीद जताई कि रेलवे प्रशासन जल्द ही उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार करेगा और सकारात्मक समाधान की दिशा में कदम उठाएगा।

#### प्रमुख मांगें और कारण

एआईएलआरएसए ने रेलवे प्रशासन पर आरोप लगाया कि उनकी लंबे समय से लंबित मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रमुख मांगों में डीए में 50% वृद्धि, रनिंग स्टाफ के केएमए में 25% बढ़ोतरी, माइलेज अलाउंस का 70% हिस्सा आयकर मुक्त करना, रात्रिकालीन ड्यूटी की सीमा दो रात तक सीमित करना, आवधिक विश्राम 46 घंटे देना, मालगाड़ी और सवारी गाड़ी की ड्यूटी सीमा तय करना, लगातार ड्यूटी के बीच न्यूनतम विश्राम लागू करना, मुख्यालय वापसी 36 घंटे में संभव करना, एएलपी को आईआरटी/आईडीटी स्थानांतरण सुविधा में शामिल करना और असिस्टेंट लोको पायलट को रिस्क अलाउंस प्रदान करना शामिल हैं।

### गोपीनाथ मुंडे किसान दुर्घटना सुरक्षा योजना

## अब महाडीबीटी पोर्टल से ऑनलाइन मिलेगा योजना का लाभ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने 'गोपीनाथ मुंडे शेतकरी अपघात सुरक्षा सानुग्रह योजना' को पूरी तरह ऑनलाइन करते हुए इसका लाभ अब महाडीबीटी पोर्टल के माध्यम से सीधे उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। कृषि मंत्री दत्तात्रय भरणे ने बताया कि खेती के दौरान होने वाले हादसों में मौत या अपंगता झेलने वाले किसानों और उनके परिवारों को त्वरित सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से यह सुविधा शुरू की गई है। पहले यह प्रक्रिया ऑफलाइन थी, जिससे सहायता राशि मिलने में देरी होती थी।

#### अपघाती मृत्यु पर 2 लाख, स्थायी अपंगता पर 1 लाख की मदद



खेती के दौरान होने वाले हादसों की वजह से राज्य में किसानों की मौत या अपंगता की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। ऐसे मामलों में तत्काल आर्थिक सहायता देने के लिए यह योजना 19 अप्रैल 2023 से लागू है। योजना के तहत किसान की अपघाती मृत्यु पर 2 लाख रुपये और एक आंख या एक अंग के स्थायी नुकसान पर 1 लाख रुपये सहायता दी जाती है। पहले किसानों या उनके वारसों को तालुका कृषि अधिकारी कार्यालय में प्रस्ताव और कागजात जमा करने पड़ते थे, लेकिन दस्तावेज़ों की त्रुटियों और प्रक्रिया में देरी के कारण भुगतान अटक जाता था। अब पूरी प्रक्रिया को महाडीबीटी पोर्टल पर डिजिटल कर दिया गया है।

#### ऑनलाइन प्रक्रिया से पारदर्शिता और गति में बढ़ोतरी

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के बाद किसान या वारसदार अपने घर से ही आवेदन भर सकेंगे और आवेदन की स्थिति भी पोर्टल पर देख सकेंगे। आवेदन सीधे कृषि विभाग के अधिकारियों तक पहुंचेगा और यदि किसी दस्तावेज़ में त्रुटि होगी तो एसएमएस के माध्यम से तुरंत सूचना दे दी जाएगी। इससे किसानों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और त्रुटियां ऑनलाइन ही सुधारी जा सकेंगी। जांच के बाद तहसीलदार की अध्यक्षता वाली समिति प्रस्तावों को मंजूरी देगी और मंजूर राशि सीधे डीबीटी के जरिए लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होगी।

## 'असा असावा जनसंपर्क' और 'जीवन ही जनसंपर्क' पुस्तक का लोकार्पण समारोह संपन्न

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



जनसंपर्क क्षेत्र के वरिष्ठ विशेषज्ञ और लेखक डॉ. विजय ढवले द्वारा लिखित अनिल त्रिवेदी का आत्मचरित्र 'असा असावा जनसंपर्क' तथा इस पुस्तक का आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली द्वारा किया गया हिंदी अनुवाद 'जीवन ही जनसंपर्क' का शानदार लोकार्पण समारोह प्रभादेवी स्थित रविंद्र नाट्य मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का लोकार्पण महाराष्ट्र राज्य के सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड. आशिष शेलार के हाथों हुआ। इस अवसर पर कला, शिक्षा, समाज और मीडिया जगत के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति रही। पद्मश्री अनुप जलोटा, सुरेश वाडकर, विश्वनाथ सचदेव, पूर्व सांसद राहुल शेवाळे, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय की पूर्व कुलगुरू डॉ. वसुधा कामत, मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरू डॉ. राजन वेलूकर, वेदांत विद्वान स्वामी अनिकेत शास्त्री देशपांडे, पूर्व आईएएस अधिकारी एवं विचारक अविनाश धर्माधिकारी, पुस्तक के हिंदी अनुवादक अनिल गलगली, तथा प्रकाशन कार्य में सहयोगी माधव पोंक्षे।

#### मंत्री आशिष शेलार ने की प्रशंसा की प्रशंसा

लोकार्पण अवसर पर संबोधित करते हुए मंत्री एड. आशिष शेलार ने कहा कि जनसंपर्क केवल मीडिया या प्रसिद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और व्यक्ति को जोड़ने वाली ऊर्जा है।




आज उत्तर प्रदेश भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक DBD (दोपहर) के ऑफिस में पधारे।



राशिफल

प्रियंका जैन

## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। घर में तनाव रहेगा। पार्टनरों से मतभेद व कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बनते काम बिगड़ सकते हैं।

**वृष** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। थकान रहेगी। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा।

**मिथुन** रोजगार में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। नए काम मिल सकते हैं। बाहर जाने का मन बनेगा। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी।

**कर्क** जीवनसाथी से असहयोग मिलेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें। धनहानि हो सकती है। विवाद से बचें। झंझटों से दूर रहें। आय में निश्चितता रहेगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**सिंह** घर-बाहर जीवन सुखमय रहेगा। रुका हुआ धन मिलने के योग हैं, प्रयास करते रहें। यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। रोजगार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। भाइयों का सहयोग प्रसन्नता में वृद्धि करेगा।

**कन्या** भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। बेरोजगारी दूर होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य की अनुकूलता रहेगी। प्रमाद न करें। उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे।

**तुला** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नए मित्र बनेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। अच्छे समाचार मिलेंगे। अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** निवेश शुभ रहेगा। मेहनत का फल प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।

**धनु** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कारोबारी व्यस्तता रहेगी। कोई आनंददायक यात्रा का आयोजन हो सकता है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। घर-परिवार की चिंता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मकर** व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। आय बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। मेहनत अधिक होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं।

**कुंभ** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। सभी कार्य समय पर होंगे। निवेश शुभ रहेगा। आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**मीन** स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। कोई बड़ा सौदा हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। घर-बाहर सभी तरफ से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। थकान व कमजोरी रहेगी।

## समय का प्राचीन विज्ञान: पंचांग की रहस्यमय यात्रा




प्रियंका जैन
9769994439

भारतीय संस्कृति में समय केवल घड़ी की टिक-टिक का नाम नहीं, बल्कि एक जीवंत और चेतन तत्व माना गया है। हमारे ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले ही यह समझ लिया था कि जीवन का हर कार्य, हर निर्णय, हर शुभारंभ और हर साधना तभी सफल होती है, जब वह प्रकृति के प्रवाह और आकाशीय गतियों के अनुकूल हो। इसी समझ से जन्म लिया—पंचांग ने। पंचांग मात्र एक कैलेंडर नहीं है, यह समय का वह दर्पण है जिसमें ब्रह्मांड की गति, ग्रहों की स्थिति, चंद्रमा का चलन और हर क्षण का शुभाशुभ स्वरूप स्पष्ट दिखाई देता है। यह वैदिक काल से लेकर आज तक धार्मिक निर्णयों, ज्योतिषीय गणनाओं, और जीवन की शुभ शुरुआत का आधार रहा है।

पंचांग का अर्थ है—समय के पाँच आधार स्तंभ। ये पाँच तत्व मिलकर यह तय करते हैं कि किसी दिन का स्वभाव कैसा होगा, किस कार्य के लिए उपयुक्त होगा, और किस क्षण में प्रकृति आपके पक्ष में अपना हाथ बढ़ा देगी। पंचांग केवल तिथियों का हिसाब नहीं देता; यह मनुष्य और ब्रह्मांड के बीच संतुलन और सामंजस्य का विज्ञान है।

इन पाँच अंगों में पहला है—तिथि। तिथि चंद्रमा की घटती-बढ़ती कला से निर्धारित होती है। चंद्रमा जिस गति से सूर्य के निकट या दूर जाता है, उसी के आधार पर तिथियाँ बनती हैं। अमावस्या से पूर्णिमा तक चंद्रमा प्रकाशवान होता है और पूर्णिमा से अमावस्या तक अपनी कला क्षीण करता जाता है। यही चंद्र गति मानव मन, भावनाओं और प्रकृति पर गहरा प्रभाव छोड़ती है। इसलिए विवाह, पूजा, यात्राएँ और महत्वपूर्ण निर्णय तिथि देखकर ही किए जाते हैं।

दूसरा अंग है—वार। यह सप्ताह के सात दिनों का आधार है, जहाँ हर दिन एक ग्रह का प्रतिनिधि होता है। सोमवार चंद्रमा की शीतलता का प्रतीक है, मंगलवार मंगल की ऊर्जा का, बुधवार बुध की बुद्धिमत्ता का, गुरुवार बृहस्पति के ज्ञान का, शुक्रवार शुक्र की सौम्यता का, शनिवार शनि की कर्मपरक ऊर्जा का और रविवार सूर्य की तेजस्विता का। इसी कारण हर कार्य के लिए अलग-अलग दिन शुभ माने गए हैं, और हर दिन का अपना अलग मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रभाव होता है।

तीसरा अंग है—नक्षत्र। आकाश में चमकते 27 तारामंडलों को नक्षत्र कहा जाता है। चंद्रमा प्रतिदिन एक नक्षत्र से गुजरता है, और उसी नक्षत्र की प्रकृति उस दिन का स्वभाव निर्धारित करती है। किसी दिन अनुराधा का सौम्य प्रकाश रहता है, किसी दिन रोहिणी की स्थिरता, और किसी दिन मृगशिरा का खोजी स्वभाव। मानव मन पर नक्षत्रों की सूक्ष्म छाया गहराई से पड़ती है, इसी कारण नामकरण, पूजन, विवाह और कई ज्योतिषीय निर्णय नक्षत्र देखकर ही किए जाते हैं।

चौथा अंग है—योग, जिसे समय का मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी कहा जा सकता है। यह सूर्य और चंद्रमा की संयुक्त गति से बनता है और कुल 27 योग होते हैं। ये योग बताते हैं कि किसी दिन शुभता का प्रवाह अधिक है या बाधाओं की प्रवृत्ति। यह माना जाता है कि योग ही दिन की ऊर्जाओं का सबसे सूक्ष्म निर्धारक होता है, जो किसी कार्य की सफलता या असफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पाँचवाँ और अंतिम अंग है—करण। यह तिथि का आधा भाग होता है और एक तिथि में दो करण पड़ते हैं। करण सूक्ष्म स्तर पर कर्म और परिणाम की धाराओं को दर्शाते हैं। यही कारण है कि यात्रा, भूमि-पूजन, व्यापार शुरू करना, नया काम आरंभ करना और धार्मिक क्रियाएँ करण देखकर ही शुभ मानी जाती हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

## रोडवेज बस सहित तीन वाहन सीज

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद जिले में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा एआरएम रोडवेज राजेश कुमार ने गुरुवार को संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग में एक स्लीपर बस को उत्तर प्रदेश राज्य का कर नहीं जमा करने तथा परमिट नहीं दिखाने पर रोडवेज बस स्टेशन पर सीज करते हुये 1.02 रुपये लाख का जुर्माना लगाया है। इसके अतिरिक्त 01 ओवर लोड ट्रक को भी सीज कर रू0 36 हजार जुर्माना लगाया गया। कर बकाया में संचालित 01 ट्रक को भी सीज किया गया है। इस प्रकार परिवहन विभाग द्वारा आज की कार्यवाही में 03 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये रू0 1.38 लाख का जुर्माना लगाया गया।

## सौतेले पिता ने मासूमों को नाले में फेंका, राहगीरों ने बचाई जान

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक सौतेले पिता ने अपने दो मासूम बच्चों को हत्या के इरादे से गहरे नाले में फेंक दिया। बच्चे वहां फंसे हुए थे कि दो राहगीर, जो बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करते हैं, उनकी रोने की आवाज सुनकर मदद के लिए आगे आए। कड़ाके की ठंड में उन्होंने नाले में उतरकर दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। बचाए गए बच्चों में ढाई वर्ष की लड़की नित्तर और साढ़े तीन साल का लड़का कलू शामिल हैं। बच्चों की जान बचाने वाले व्यक्ति ने उनके सौतेले पिता के खिलाफ थाना सेक्टर 142 में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी आशीष को आज गिरफ्तार कर लिया। थाना सेक्टर 142 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती रात करीब 9 बजे राहगीर सोमबीर सिंह और उनके साथी दीनबंधु पारस टियेरा सोसाइटी के पास चौहान मार्केट तिराहे से गुजर रहे थे। तभी उन्होंने नाले से बच्चों की आवाज सुनी। दलदल और पानी में फंसे बच्चों को उन्होंने बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। शुरुआती पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उनके पिता आशीष ने उन्हें जान से मारने के इरादे से नाले में फेंका था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## साइबर धोखाधड़ी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**लखनऊ।** राजधानी में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए साइबर क्राइम सेल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने एक महत्वपूर्ण अभियान चलाते हुए एक बड़े फर्जी कॉल और इंटरनेट राउटिंग मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई में कई संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की गई, जहाँ से तकनीकी उपकरणों का बड़ा जखीरा बरामद हुआ। अधिकारियों के अनुसार, जब्त किए गए उपकरणों में उच्च क्षमता वाले राउटर, एंटिना सेट, सैकड़ों सक्रिय सिम कार्ड, लैपटॉप, मोबाइल डिवाइस, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और अन्य तकनीकी वस्तुएँ शामिल हैं, जिनका उपयोग अंतरराष्ट्रीय वॉइस ओवर आईपी कॉल्स को भारतीय नेटवर्क में अवैध रूप से ट्रांसफर कर धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए किया जाता था। प्रारंभिक जांच से यह भी पता चला है कि गिरोह लंबे समय से देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों को फर्जी कॉल, बैंक खाते अपडेट और केवाईसी सत्यापन के नाम पर ठग रहा था।

# इंटरनेशनल काल को लोकल में बदलने वाला गिरोह धराया

### देवरिया में साइबर क्राइम, एसओजी और बीएसएनएल की संयुक्त टीम ने किया खुलासा

- सिमबाक्स, सिम कार्ड, एंटीना, लैपटाप और राउटर समेत भारी मात्रा में उपकरण बरामद

**एजेंसी । देवरिया**

उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में थाना साइबर क्राइम, एसओजी और बीएसएनएल की संयुक्त टीम ने एक बड़े साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह ने विदेशी कॉल को लोकल कॉल में बदलकर आर्थिक लाभ कमाने का नेटवर्क तैयार किया था। कार्रवाई में गिरोह के सरगना तेज नारायण सिंह को गिरफ्तार किया गया और सिमबॉक्स, सैकड़ों सिम कार्ड, एंटिना, लैपटॉप, राउटर समेत भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए गए। मुखबिर की सूचना पर टीम ने कोतवाली क्षेत्र के रामगुलाम टोला में छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि वर्ष 2015 से 2022 तक मॉरिशस में इलेक्ट्रीशियन का कार्य करते समय उसकी पहचान दो बांग्लादेशी नागरिकों आदिल अहमद और समीर से हुई। वहीं से उसे सिमबॉक्स लगाकर अंतरराष्ट्रीय VOIP कॉल को लोकल कॉल में बदलने की तकनीक मिली। भारत लौटने पर वह कोलकाता गया और वहां से सिमबॉक्स और भारतीय सिम कार्ड प्राप्त कर घर पर नेटवर्क तैयार कर अवैध गतिविधियां शुरू कर दी।



### 212 छोटे-बड़े एंटीना से फैला रखा था जाल

छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली, जिसमें साइबर ठगी और अवैध संचार नेटवर्क संचालन में इस्तेमाल होने वाले भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए गए। अधिकारियों ने मौके से 6 सिमबॉक्स, 6 वाई-फाई राउटर, 43 बड़े और 169 छोटे एंटिना, 219 बीएसएनएल सिम कार्ड, विभिन्न प्रकार की कई कनेक्टिंग केबलें, 2 लैपटॉप, 3 मोबाइल फोन, 2 बैंक पासबुक, 9 चेकबुक, 11 एटीएम कार्ड और अन्य तकनीकी सामग्री जब्त की, जो इस अवैध नेटवर्क के बड़े पैमाने पर संचालन की पुष्टि करती हैं। बरामदगी से स्पष्ट होता है कि गिरोह लंबे समय से इंटरनेट कॉल्स को भारतीय नेटवर्क में बायपास कर धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और आर्थिक अपराध को अंजाम दे रहा था। पूरे मामले में थाना साइबर क्राइम देवरिया में मु0अ0सं0 18/2025 धारा 318(4), 319(2), 340(2) बीएनएस, भारतीय बेतार तार यांत्रिकी अधिनियम 1933, दूरसंचार अधिनियम और आईटी एक्ट की धारा 66C एवं 66D के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## पेट्रोल पंप व इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम संचालक के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापा

### आधी रात शुरू हुई कार्यवाही से मचा हड़कंप

**एजेंसी । औरैया**

उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि से पुलिस और विभिन्न विभागों की संयुक्त कार्रवाई ने इलाके में सनसनी फैला दी। पेट्रोल पंप संचालक एवं नैना इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक कमल वर्मा के आवास और उनके सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर एक दर्जन से अधिक टीमों ने छापेमारी की। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार, छापेमारी की तैयारी पूरी तरह गोपनीय रखी गई थी। रात करीब 2 बजे से विभिन्न ठिकानों पर दस्तावेज़ और डिजिटल रिकॉर्ड की गहराई से जांच शुरू की गई। कार्रवाई की संवेदनशीलता को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया ताकि किसी भी प्रकार की भीड़ या अव्यवस्था न हो। स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा कारणों से कुछ स्थानों पर आवागमन पर अस्थायी रोक भी लगाई। टीमों ने कमल वर्मा के शहर स्थित आवास, पेट्रोल पंप, नैना इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम सहित अन्य



संबंधित ठिकानों पर वित्तीय लेन-देन, संपत्ति संबंधी कागजात और व्यावसायिक रिकॉर्ड की जांच की। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त कर विशेषज्ञों की टीम द्वारा जांच की जा रही है। हालांकि, छापेमारी के पीछे का मामला अभी तक अधिकारियों द्वारा आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है। सुबह करीब 7 बजे जैसे ही कार्रवाई की जानकारी लोगों तक पहुंची, पूरे जिले में चर्चा का दौर तेज हो गया। भारी पुलिस बल और विभागीय गतिविधियों के बीच माहौल तनावपूर्ण बना रहा। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा। फिलहाल सभी टीमों द्वारा प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई जारी है और प्रशासन की ओर से जल्द ही आधिकारिक बयान जारी होने की संभावना है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ की कोशिश

**एजेंसी । कूचबिहार**

भारत-बांग्लादेश सीमा के माथाभांग-1 ब्लॉक में बुधवार देर रात तस्करी की एक कोशिश में एक बांग्लादेशी नागरिक की मौत हो गई। घटना बैरागीहाट ग्राम पंचायत के चेना काटा इलाके में हुई, जहां युवक तारबंदी पार कर तस्करी करने का प्रयास कर रहा था।जानकारी के अनुसार, जब सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसने जवानों पर हमला करने का प्रयास किया। आत्मरक्षा में बीएसएफ ने गोली चलानी पड़ी। गोली लगने से बांग्लादेश के पाटग्राम निवासी मोहम्मद सबूज हसन (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें माथाभंगा महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि यह घटना रात करीब ढाई बजे हुई। युवक तारबंदी पार कर तस्करी करने की कोशिश कर रहा था और जब बीएसएफ ने उसे रोकने का प्रयास किया, तो उसने पलटकर हमला करने की कोशिश की। माथाभंगा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## हनीट्रैपः अधेड़ को फंसाकर दो लड़कियों ने पांच लाख लूटा

**एजेंसी । नोएडा**

उत्तर प्रदेश के नोएडा में 51 वर्षीय अविवाहित व्यक्ति को हनीट्रैप में फंसाकर दो लड़कियों और उनके साथियों ने 5 लाख रुपए लूट लिए। पीड़ित के अनुसार, वह पहले ही लड़कियों को 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर चुका था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आयुक्त मीडिया प्रभारी विजय कुमार गौतम ने बताया कि भनोता खेड़ी निवासी विकल सिंह ने बीती रात कासना थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित ने कहा कि कुछ दिन पहले उसे मोबाइल पर एक लड़की ने कॉल किया और शादी का वादा कर मीठी बातों में फंसाया। उसकी सहेली भी बातचीत में शामिल हुई। लड़कियों ने ऑनलाइन 50 हजार रुपए ऐंठ लिए और गोवा भ्रमण के बहाने 5 लाख रुपए ले लिए। पीड़ित ने बताया कि



29 नवंबर को वह लड़कियों के बताए कासना स्थित निहाल देव पार्क में पहुंचे। वहां दो और लड़के आए और मारपीट के दौरान उनके पास रखे 5 लाख रुपए लूट लिए। दोनों लड़कियों और लड़कों ने धमकी दी कि वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। पीड़ित ने डर के कारण घटना की जानकारी किसी को नहीं दी, लेकिन जब उनके भतीजे ने पैसे का हिसाब मांगा तो उन्होंने आपबीती बताई। पुलिस ने विनिक्षा, खुशी और दो अज्ञात लड़कों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 308(2), 115(2), 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## फेसबुकिया दोस्त ने नाबालिग से किया दुष्कर्म



**एजेंसी । शिमला**

शिमला जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में फेसबुक पर दोस्ती करने के बाद एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता गर्भवती हो गई। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी युवक राहुल के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। जानकारी के अनुसार, 18 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी फेसबुक पर लगभग 3-4 साल पहले राहुल (जुब्बल, शिमला) से पहचान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और उन्होंने मोबाइल नंबर साझा किया। शिकायतकर्ता के अनुसार, चैटिंग के दौरान राहुल ने उसे मिलने के लिए दबाव बनाने शुरू कर दिया। पीड़िता ने कहा कि 8 अप्रैल 2025 को वह राहुल से रामपुर में मिली।

## गाजियाबाद में सर्राफा व्यापारी की चाकू से गोदकर हत्या

- आरोपित भीड़ ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**एजेंसी । गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के मोदीनगर में गुरुवार को एक भयावह वारदात सामने आई। गोविंदपुरी कॉलोनी में दुकान खोलकर सफाई कर रहे सर्राफा व्यापारी गिरधारी लाल को एक युवक ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी और फायरिंग भी की। पास मौजूद लोगों ने आरोपित को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई की और पुलिस को सौंप दिया। घटना के समय गिरधारी लाल अपनी मेन मार्केट स्थित दुकान 'गिरधारी लाल एंड सन ज्वेलर्स' में थे। सुबह करीब सवा नौ बजे एक युवक अचानक उनकी ओर आया और उन पर हमला कर दिया। आरोपी दूसरी गोली चलाने ही वाला था कि लोगों ने उसे काबू में कर लिया। व्यापारी को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### आर्थिक घाटे के दबाव में लूट और हत्या




थाना प्रभारी और एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अंकित गुप्ता (30 वर्ष) एमबीए पास है और एक कंपनी में 30 हजार रुपये मासिक वेतन पर कार्यरत है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी शेयर ट्रेडिंग में लगभग 60 लाख रुपये का नुकसान झेल चुका था। अपने पिता और सभी बचत को निवेश करने के बावजूद उसे घाटा हुआ, और कर्ज के दबाव में उसने ज्वेलर्स से लूटपाट की योजना बनाई।




# शेयर बाजार ने संभाली रफ्तार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार ने बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए मजबूती दिखाई। खुलते ही बिकवाली के दबाव में फिसले सेंसेक्स और निफ्टी, कुछ ही समय बाद लिवाली बढ़ने से हरे निशान में लौट आए। सुबह 10 बजे तक दोनों प्रमुख सूचकांक क्रमशः 0.19 प्रतिशत और 0.17 प्रतिशत की बढ़त दर्ज कर चुके थे।




### दिग्गज शेयरों में खरीदारी हावी

सुबह के कारोबार में टीसीएस, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, हिंडाल्को और जेएसडब्ल्यू स्टील जैसे बड़ी कंपनियों के शेयरों में 1.32 प्रतिशत से 0.57 प्रतिशत तक तेजी रही। वहीं मैक्स हेल्थकेयर, इंटरग्लोब एविएशन, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के शेयर दबाव में दिखे और 1.20 प्रतिशत तक की गिरावट में कारोबार कर रहे थे। बीएसई में सुबह तक 2,135 शेयरों में सौदे हुए, जिनमें 1,045 बढ़त पर और 1,090 गिरावट में थे। सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयर हरे निशान में चले गए, जबकि 11 लाल निशान में रहे। निफ्टी के 50 शेयरों में 31 बढ़त पर और 19 गिरावट में दिखे।

### सेंसेक्स-निफ्टी की शुरुआती चाल

सेंसेक्स आज 119.25 अंक की गिरावट के साथ 84,987.56 पर खुला, लेकिन तेजी से रिकवरी कर 10 बजे तक 165.25 अंक चढ़कर 85,272.06 पर पहुंच गया। निफ्टी ने भी 4.15 अंक की हल्की गिरावट से शुरुआत की और 25,938.95 तक फिसला, मगर जल्दी ही खरीदारी लौटने से सूचकांक 43.05 अंक की बढ़त के साथ 26,029.05 पर पहुंच गया। बुधवार को सेंसेक्स 31.46 अंक टूटकर 85,106.81 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 46.20 अंक फिसलकर 25,986 पर बंद हुआ था।

## वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों में भी उतार-चढ़ाव

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय बाजारों से बुधवार को मिश्रित संकेत मिले, जिनका असर एशियाई कारोबार पर भी साफ दिखाई दे रहा है। अमेरिकी बाजार जहां बीते सत्र में मजबूती के साथ बंद हुए, वहीं यूरोप और एशिया के अधिकांश हिस्सों में सौदेबाजी के दौरान उतार-चढ़ाव बना रहा। अमेरिका में निवेशकों की धारणा सकारात्मक रही। डाउ जोंस 400 अंक से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि एस एंड पी 500 में 0.30 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई और यह 6,849.90 अंक पर बंद हुआ। नैस्डेक भी 0.18 प्रतिशत ऊपर रहा। फिलहाल डाउ जोंस फ्यूचर्स 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 47,957.12 अंक पर ट्रेड कर रहा है। यूरोपीय बाजारों में बीते सत्र में दबाव और राहत दोनों दिखे। एफटीएसई 0.10 फीसदी गिरकर 9,692.07 अंक पर बंद हुआ और जर्मनी का डीएएक्स 0.07 प्रतिशत टूटकर 23,693.71 अंक पर रहा।




### पांच हरे और चार लाल निशान में

एशिया में भी बुधवार को मिला-जुला कारोबार देखने को मिला। नौ प्रमुख एशियाई सूचकांकों में से पांच हरे निशान में और चार लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.24% गिरकर 26,071.50 पर, ताइवान वेटेड 0.28% फिसलकर 27,715.44 पर, कोस्पी 0.96% टूटकर 3,998.10 पर, स्ट्रेट्स टाइम्स 0.35% नीचे 4,538.78 पर हैं।

## दोबारा पटरी पर भारत-कनाडा व्यापार वार्ता

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत और कनाडा के बीच ठंडे पड़ चुके व्यापार संबंध एक बार फिर गर्मी पकड़ने लगे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू ने बुधवार को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते की रूपरेखा और वार्ता के ढांचे पर विस्तार से चर्चा की। दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत को फिर से गति देने पर सहमति जताई है। इस समझौते का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

## सोना फिर चढ़ा, चांदी में भी तेज उछाल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना और चांदी दोनों ने मजबूत रुख दिखाया। एक दिन की गिरावट के बाद आज की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जिसमें सोना 670 से 730 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ, जबकि चांदी में 3,100 रुपये प्रति किलो की जोरदार छलांग देखी गई। 24 कैरेट सोने की कीमत देश के बड़े बाजारों में 1,30,590 रुपये से 1,30,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच दर्ज की गई। 22 कैरेट सोना भी 1,19,710 रुपये से 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है।

## अब 7.4% जीडीपी वृद्धि का अनुमान

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक गति को मजबूत मानते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान में इजाफा किया है। एजेंसी ने अपना पूर्वानुमान 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया है। फिच ने अपनी दिसंबर ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि उपभोक्ता खर्च में निरंतर सुधार, बेहतर कारोबारी माहौल और जीएसटी व्यवस्था में पारदर्शिता के चलते आर्थिक गतिविधियों में मजबूती आई है, जिसका सीधा असर विकास दर पर दिख रहा है। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि चालू वित्त वर्ष की बची अवधि में वृद्धि की गति कुछ नरम रह सकती है, लेकिन पूरे साल का प्रदर्शन पिछली उम्मीदों से बेहतर रहेगा।




### पिछली तिमाही 8.2 फीसद रही जीडीपी

यह संशोधन ऐसे समय आया है जब हाल में जारी सरकारी आंकड़ों में जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्चतम स्तर 8.2 प्रतिशत पर दर्ज की गई है। यह अप्रैल-जून की 7.8 प्रतिशत वृद्धि दर से भी अधिक है, जो अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद की ओर संकेत करता है। फिच का कहना है कि मजबूत घरेलू मांग और सुधारों की गति भारत के विकास मार्ग को अगले कुछ तिमाहियों में भी सहारा देती रहेगी।

# 10 दिसंबर को खुलेगा नेफ्रोप्लस का इश्यू

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

नेफ्रोकेयर हेल्थ सर्विसेज लिमिटेड, जो देशभर में नेफ्रोप्लस ब्रांड के तहत डायलिसिस केंद्रों का संचालन करती है, ने अपने बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 438 से 460 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का कुल 871 करोड़ रुपये का यह आईपीओ बाजार में 10 दिसंबर को खुलेगा और 12 दिसंबर तक निवेशकों से बोली स्वीकार करेगा। बड़ी संस्थागत या एंकर निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया नौ दिसंबर को पूरी होगी। इस प्रस्तावित आईपीओ में 353.4 करोड़ रुपये के नए शेयरों का निर्गम शामिल है, जबकि 517.6 करोड़ रुपये मूल्य के 1.12 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के तहत बेचे जाएंगे। ओएफएस के जरिए कंपनी के प्रमुख निवेशकों इन्वेस्टकॉर्प प्राइवेट इक्विटी




फंड II, हेल्थकेयर पैरेंट, इन्वेस्टकॉर्प ग्रोथ ऑपर्चुनिटी फंड, एडोरस इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स, इन्वेस्टकॉर्प इंडिया प्राइवेट इक्विटी ऑपर्चुनिटी, इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन और 360 वन स्पेशल ऑपर्चुनिटीज फंड्स अपने हिस्सेदारी का कुछ हिस्सा बेचेंगे। सेबी के पास जमा ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, जुटाई गई नई पूंजी में से 129.1 करोड़ रुपये भारत में नए डायलिसिस क्लीनिक खोलने पर खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा 136 करोड़ रुपये का उपयोग कंपनी अपने मौजूदा कर्ज की अदायगी में करेगी, जबकि बची हुई राशि सामान्य कॉरपोरेट जरूरतों के लिए रखी जाएगी। हैदराबाद मुख्यालय वाली यह कंपनी देश में डायलिसिस सेवाओं के सबसे बड़े संगठनों में से एक मानी जाती है, और पिछले कुछ वर्षों में इसके संचालन का तेजी से विस्तार हुआ है। कंपनी का कहना है कि आईपीओ से जुटाई गई राशि से वह अपनी विस्तार योजनाओं को गति देने के साथ-साथ तकनीकी व चिकित्सा सुविधाओं को और मजबूत करेगी। नेफ्रोकेयर हेल्थ सर्विसेज लिमिटेड के शेयरों की बाजार में लिस्टिंग 17 दिसंबर को होगी। निवेशक और बाजार विशेषज्ञ इस निर्गम को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देख रहे हैं, खासकर ऐसे समय में जब देश में किडनी रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और डायलिसिस सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है।

मेंस जूनियर विश्व कप हॉकी

# बेल्जियम के खिलाफ जूनियर हॉकी टीम की परीक्षा

**बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला आज**

**नंबर गेम**
- 29 गोल भारतीय टीम ने पूल चरण में तीन मैच में किए
- 09 साल पहले भारत ने लखनऊ में पिछला खिताब जीता था

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत ने एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में पूल चरण में शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन उसकी असली परीक्षा शुक्रवार को बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में होगी।



### स्ट्राइकर और मध्यपंक्ति की भूमिका

स्ट्राइकर दिलराज सिंह (6 गोल), मनमीत (5), अर्शदीप सिंह (4), अजीत यादव और गुरजोत सिंह (दो-दो गोल) ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन किया। मध्यपंक्ति के रोसन कुजूर, एड्रोई एक्का, अंकित पाल और इंगलेम्बा लुवांग थोउनाओजम की असली परीक्षा अब होगी।

### पूल चरण में दबदबा बनाए रखा

चिली, ओमान और स्विट्ज़रलैंड के साथ पूल बी में भारत ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए पहले स्थान पर रहते हुए नाकआउट दौर में प्रवेश किया। भारतीय टीम ने पूल चरण में 29 गोल किए और एक भी गोल नहीं खाया, जो इस टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी 24 टीमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### बेल्जियम के खिलाफ चुनौती

बेल्जियम क्वार्टर फाइनल में भारत के सामने चुनौती पेश करेगा। बेल्जियम ने अभी तक 22 गोल किए हैं, जिनमें 11 मैदानी गोल और 11 पेनल्टी कॉर्नर गोल शामिल हैं।

### अब असली चुनौती शुरू

कोच पीआर श्रीजेश और टीम यह अच्छी तरह जानती है कि अब तक का प्रदर्शन अंतिम परिणामों पर असर नहीं डालेगा। टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में उन्हें मजबूत टीमों का सामना करना है। कोई भी चूक भारत के नौ साल बाद घरेलू मैदान पर खिताब जीतने के सपने को खतरे में डाल सकती है। भारत ने आखिरी बार 2016 में लखनऊ में खिताब जीता था।

### गोल स्कोरिंग का शानदार रिकॉर्ड

पूल चरण में भारतीय टीम ने 18 मैदानी गोल किए, 9 पेनल्टी कॉर्नर और 2 पेनल्टी स्ट्रोक से गोल किए। चिली और ओमान के खिलाफ पहले दो मैचों में भारत ने दबदबा बनाए रखा। स्विट्ज़रलैंड को 5-0 से हराने के दौरान गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह ने शानदार बचाव किया।

### पेनाल्टी कॉर्नर पर सुधार की जरूरत

पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करना भारतीय टीम के लिए अभी भी चिंता का विषय है। पिछले मैच में शिलानंद लाकड़ा ने दो बार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला, लेकिन कप्तान रोहित और अनमोल एक्का से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

### श्रीजेश का संदेश: कोई भी गलती भारी पड़ सकती है

श्रीजेश ने कहा, "निश्चित रूप से कुछ क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। अगले मैच से असली टूर्नामेंट शुरू होगा और उन क्षेत्रों पर ध्यान देना बहुत महत्वपूर्ण है। जूनियर विश्व कप कोई आसान टूर्नामेंट नहीं है। कोई भी गलती भारी पड़ सकती है।"

# एम्बाप्पे की धमाकेदार ब्रेस से रियल मैड्रिड की वापसी

एजेंसी । मैड्रिड



**एथलेटिक बिलबाओ 3-0 से पराजित**

किलियन एम्बाप्पे की चमकदार फॉर्म ने रियल मैड्रिड को एक बार फिर जीत की राह पर लौटा दिया। ला लीगा के मुकाबले में बुधवार को मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराते हुए अपनी तीन मैचों की जीत-विहीन श्रृंखला पर विराम लगा दिया। लीग तालिका में मैड्रिड 15 मैचों में 36 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बरकरार है और शीर्ष पर मौजूद बार्सिलोना से केवल एक अंक पीछे है। शुरुआत से ही मैड्रिड ने हमला बोल दिया था। बिलबाओ के गोलकीपर उनाई सिमोन ने कई बचाव किए, लेकिन सातवें ही मिनट में एम्बाप्पे की रफ्तार और कौशल के आगे रक्षा दीवार टूट गई। हाफवे लाइन के पास से मिले पास को लेकर एम्बाप्पे ने दो डिफेंडरों को पछाड़ा और बॉक्स के बाहर से शानदार कर्लिंग शॉट लगाते हुए टीम को बढ़त दिलाई। एम्बाप्पे और विनीसियस जूनियर ने बिलबाओ की डिफेंस पर लगातार दबाव बनाया, हालांकि कुछ मौकों पर मैड्रिड गोल करने से चूक गया। 24वें मिनट में बिलबाओ ने बराबरी का बेहतरीन मौका बनाया, लेकिन थिबाऊ कोर्टवा ने गुरुज़ेटा और उसके बाद अलेक्स बेरेंगुएर के शॉट्स को शानदार ढंग से रोककर टीम की बढ़त बचाए रखी। हाफ टाइम से कुछ क्षण पहले मैड्रिड ने दूसरा गोल दर्ज किया। ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड के सटीक क्रॉस को एम्बाप्पे ने हेड से पास में बदल दिया, जिसे एडुआर्डो कामाविंगा ने हेडर के जरिए गोल में तब्दील किया। कोर्टवा ने ब्रेक से पहले जैउरेगिज़ार के तेज शॉट को भी शानदार बचाव से नाकाम किया।

**दूसरे हाफ में भी दिखा जलवा**

दूसरे हाफ में मैड्रिड ने खेल नियंत्रित रखा, लेकिन एम्बाप्पे का जलवा जारी रहा। 59वें मिनट में उन्होंने सिमोन को हल्का सा आगे निकलता देखकर बॉक्स के बाहर से फिर एक खूबसूरत कर्लर दागते हुए स्कोर 3-0 कर दिया। यह उनका इस सीजन का 16वां ला लीगा गोल है, जो बार्सिलोना के लेवांडोव्स्की के गोलों से दोगुना है। मैच के बाद मैनेजर ज़ाबी अलोंसो ने टीम के प्रदर्शन की जमकर सराहना करते हुए कहा कि यह कठिन मैदान पर खेले गए सीजन के सबसे संतुलित मुकाबलों में से एक था। अगले मुकाबले में रियल मैड्रिड रविवार को सेल्टा वीगो से भिड़ेगा, जबकि 10 दिसंबर को सैंटियागो बर्नब्यू में मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ अहम चैंपियंस लीग मैच खेला जाएगा।

# आसिफ के 'पंच' से केरल ने चैंपियन मुंबई को हराया

**संजू सैमसन, विष्णु विनोद और शराफुद्दीन के दम पर मिली जीत**

**यूपी ने चंडीगढ़ को 40 रन से शिकस्त दी**

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

एजेंसी । नई दिल्ली

कप्तान संजू सैमसन (46), विष्णु विनोद (नाबाद 43) और शराफुद्दीन (नाबाद 35, एक विकेट) के बाद केएम आसिफ (पांच विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से केरल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में चैंपियन मुंबई को सत्र की पहली हार का स्वाद चखा दिया। गुरुवार को इलीट ग्रुप ए मुकाबले में मुंबई 15 रन से हार गई।



### बड़ा स्कोर बनाया

केरल ने टॉस जीतकर निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 178 रनों का स्कोर खड़ा किया। संजू सैमसन और रोहन कुन्नुमल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। चौथे ओवर में शम्स मुलानी ने रोहन कुन्नुमल (दो) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। केरल का दूसरा विकेट संजू सैमसन के रूप में गिरा। सैमसन ने 28 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के से 46 रन बनाए।

### मुंबई की खराब शुरुआत

179 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत खराब रही। उसने पहले ही ओवर में आयुष म्हात्रे (तीन) का विकेट गंवा दिया। फिर सरफराज और अजिंक्य रहाणे की जोड़ी ने पारी संभाली। रहाणे ने 18 गेंदों में पांच चौकों से 32 रन बनाए। सरफराज खान ने 40 गेंदों पर 52 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव 25 गेंदों में 32 रन, शिवम दुबे 11 रन और साईराज पाटिल 13 रन बनाकर आउट हुए। एक समय 17.1 ओवर में मुंबई का स्कोर पांच विकेट पर 148 रन था। उसके बाद मुंबई ने महज 15 रन में शेष पांच विकेट गंवा दिए। विग्नेश पुथुर ने दो जबकि शराफुद्दीन, एम डी निधीष और अब्दुल बासित ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# समीर के पचासे से जीता उत्तर प्रदेश

एजेंसी । कोलकाता



उत्तर प्रदेश ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' समीर रिजवी (42 गेंद, 70 रन) के दम पर चंड़ीगढ़ को 40 रन से हरा दिया। इलीट ग्रुप बी उप्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 212 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। माधव कौशिक ने 67, सिद्धार्थ यादव ने 28 और रिंकू सिंह ने 24 रन का योगदान दिया। चंड़ीगढ़ के संदीप शर्मा ने 26 रन देकर चार विकेट लिए। जवाब में चंड़ीगढ़ की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 172 रन ही बना सकी। चंड़ीगढ़ के लिए मनन वोहरा (61) के अलावा निखिल ढाकुर (32), अर्मित लबाना (नाबाद 30), चिरागवीर ढींडसा (12), निखिल शर्मा (11) और गौरव पुरी (10) ने छोटे-छोटे योगदान दिए। उत्तर प्रदेश के लिए भुवनेश्वर कुमार ने तीन और विप्रज निगम ने दो विकेट लिए।

# असम ने विदर्भ को हराया

एजेंसी । लखनऊ



असम ने इलीट ग्रुप ए में विदर्भ पर 58 रन से जीत दर्ज की। असम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 175 रनों का स्कोर बनाया। अब्दुल अजीज कुरैशी ने (57) और निहार डेका (52), सुमीत घाडीगांवकर और साहिल जैन (12-12) रन बनाकर आउट हुए। आकाश सेनगुप्ता ने सात गेंदों में नाबाद 13 रन बनाए। विदर्भ के लिए यश ठाकुर ने तीन, दर्शन नालकंडे ने दो विकेट लिए। इसके जवाब में मुख्तार हुसैन और आकाशसेन गुप्ता (तीन-तीन विकेट) की अगुआई में असम के गेंदबाजों ने विदर्भ की पूरी टीम को 17.5 ओवर में 117 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला अपने नाम किया। ध्रुव शौरी ने 36, कप्तान हर्ष दुबे ने 23 और यश राठौड़ 20 रनों का योगदान दिया।

## बॉलीवुड



# रश्मिका मंदाना ने शादी की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा अपनी निजी जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में रहते हैं। पहले दोनों की सगाई की खबरों ने फैंस में जबरदस्त उत्सुकता जगाई, और इसके बाद कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि यह जोड़ी फरवरी 2026 में शादी के बंधन में बंध सकती है। सोशल मीडिया पर इन अफवाहों ने तूफान खड़ा कर दिया था, लेकिन अब रश्मिका ने खुद इस पर प्रतिक्रिया दी है।

### रश्मिका की प्रतिक्रिया

दिए एक इंटरव्यू के दौरान रश्मिका ने शादी की खबरों पर साफ-साफ कुछ कहने से परहेज़ किया। जब उनसे इन अफवाहों की पुष्टि या खंडन करने को कहा गया, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मैं शादी की पुष्टि या खंडन नहीं करना चाहती। प्रशंसकों के साथ कुछ भी शेयर करने से पहले मुझे थोड़ा समय चाहिए। जब इस बारे में बात करने का सही समय आएगा, तब हम जरूर बात करेंगे। उनके इस जवाब ने न अफवाहों को पूरी तरह खारिज किया और न ही उन्हें सच ठहराया, जिससे फैंस की जिज्ञासा और बढ़ गई है।

### शादी की तैयारियों की चर्चा

रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र ने दावा किया था कि रश्मिका और विजय की शादी को लेकर तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं। बताया गया कि दोनों ने उदयपुर में संभावित वेन्यूज़ का भी निरीक्षण किया है, जहां एक भव्य समारोह आयोजित होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि दोनों ने अक्टूबर में हैदराबाद में निजी तौर पर सगाई कर ली थी, हालांकि अब तक इस पर दोनों में से किसी ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। रश्मिका के जवाब के बाद एक बात तो साफ है, फैंस को अभी थोड़ा और इंतजार करना होगा, क्योंकि यह स्टार कपल अपनी निजी जिंदगी को लेकर फिलहाल चुप्पी साधे हुए है।

# 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का ट्रेलर रिलीज



अभिनेता संजय मिश्रा और महिमा चौधरी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। हल्की-फुल्की कॉमेडी और दिल को छू लेने वाली फैमिली इमोशन से सजी इस फिल्म के मेकर्स ने दर्शकों को ज्यादा इंतजार कराए बिना इसका दमदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है। पहले जारी हुआ टीज़र पहले ही दर्शकों की उम्मीदें बढ़ा चुका था, और अब ट्रेलर के आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा का माहौल गर्म है। इस अनोखी कॉमेडी-ड्रामा का निर्देशन सिद्धांत राज ने किया है, जबकि फिल्म के निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन हैं।

### ट्रेलर ने बढ़ाया फिल्म के लिए उत्साह

करीब 2 मिनट 50 सेकंड का यह ट्रेलर एक ऐसी दुनिया में ले जाता है जहां रिश्तों की उलझनें, हास्य और भावनाए सब कुछ एक साथ बहने लगता है। कहानी की शुरुआत होती है दुर्लभ मिश्रा (संजय मिश्रा) से, जो अपने बेटे की शादी को लेकर परेशान हैं। लेकिन किस्मत कुछ ऐसा मोड़ ले आती है कि लोगों की शादी करवाने वाला यह पिता खुद ही अपनी दूसरी शादी के लिए तैयार होने लगता है। संजय मिश्रा की सादगी भरी एक्टिंग और महिमा चौधरी की गरिमामयी मौजूदगी कहानी को और भी आकर्षक बना देती है। ट्रेलर में हल्के-फुल्के पंच, पारिवारिक तकरार और छोटे शहर की खूबसूरती देखने को मिलती है, जिसने दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है।

### 19 दिसंबर को रिलीज होगी फिल्म

19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' अपनी अनोखी कहानी और संजय-महिमा की जोड़ी के कारण इस साल के अंत की चुनिंदा फैमिली एंटरटेनर्स में शुमार हो सकती है।

# वेडिंग मोमेंट्स शेयर कर भावुक हुईं शोभिता धुलिपाला

अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला और अभिनेता नागा चैतन्य साउथ सिनेमा की लोकप्रिय जोड़ियों में से एक हैं। दोनों ने पिछले साल 4 दिसंबर को एक बेहद निजी और पारंपरिक साउथ भारतीय समारोह में शादी रचाई थी। अब शादी की पहली सालगिरह पर शोभिता ने उस खास दिन की यादों को एक खूबसूरत वीडियो के जरिए अपने चाहने वालों के साथ शेयर किया है, जिसे देखकर फैंस भावुक हो रहे हैं।

### साउथ इंडियन रीति-रिवाज़ में बंधे थे सात फेरे



शोभिता और नागा की शादी पूरी तरह पारंपरिक अंदाज़ में हुई थी। वीडियो में दोनों सजे-धजे पारंपरिक दक्षिण भारतीय परिधानों में बेहद आकर्षक और खुश नजर आ रहे हैं। दूल्हा-दुल्हन के रूप में उनकी केमिस्ट्री और मुस्कुराहटें देखकर शादी की यादें फिर से ताजा हो गईं।



### शोभिता का भावुक पोस्ट

वीडियो शेयर करते हुए शोभिता ने लिखा, हवा हमेशा घर की ओर बहती है। दक्कन वापस आकर, उस इंसान के साथ जिसे मैं पति कहती हूं, सूर्य की एक रोमांचक यात्रा पर, मैं एक नया एहसास महसूस करती हूं। श्रीमती के रूप में एक साल! उनके इस पोस्ट पर फैंस ने ढेर सारा प्यार बरसाया है। कई लोगों ने इस जोड़ी को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं भी दीं।

# गुलशन देवैया के हाथ लगी नई फिल्म



सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की ब्लॉकबस्टर कन्नड़ फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' रिलीज के 2 महीने पूरे कर चुकी है। फिल्म के हर किरदार ने दर्शकों का बेशुमार प्यार लूटा, जिसमें गुलशन देवैया भी शामिल है। खबर है कि अभिनेता कन्नड़ सिनेमा के बाद, तेलुगु सिनेमा में तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। उनके हाथ एक नई फिल्म लगी है जिसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस खबर ने गुलशन के प्रशंसकों को खुश कर दिया है। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के मुताबिक, गुलशन को अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु अभिनीत और उनके प्रोडक्शन बैनर, त्रालाला मूविंग पिक्चर्स द्वारा समर्थित फिल्म 'मां इंति बंगाराम' में लिया गया है। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म के शुभ मुहूर्त के साथ आगे की तैयारियां शुरू की हैं। गुलशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'मां इंति बंगाराम' का हिस्सा बनने और तेलुगु सिनेमा में अपने डेब्यू की पुष्टि की थी। हालांकि, निर्माताओं ने उनके किरदार को लेकर जानकारी गुप्त रखी है। 28 मई 1978 को बेंगलुरु में जन्मे गुलशन सिनेमा के जाने-माने अभिनेता है।

# BLO के साथ लगाएं अतिरिक्त स्टाफ : सुप्रीम कोर्ट

- एसआईआर के कार्य में बढ़ते दबाव पर सुप्रीम कोर्ट सख्त
- विशेष पुनरीक्षण कार्य में अतिरिक्त स्टाफ लगाने के निर्देश

एजेंसी | नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) पर बढ़ते बोझ और हाल के हादसों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्यों को निर्देश दिया है कि बीएलओ पर कार्यभार कम करने के लिए तुरंत अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए।



### व्यक्तिगत कारणों पर राहत देने का निर्देश

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि कोई बीएलओ निजी परिस्थितियों के चलते एसआईआर का कार्य करने में सक्षम नहीं है, तो प्रशासन को उचित कारणों पर विचार कर उन्हें राहत देनी चाहिए और उनके स्थान पर अन्य अधिकारियों की नियुक्ति करनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी राहत न मिलने की स्थिति में बीएलओ सीधे कोर्ट का दरवाज़ा खटखटा सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना कि एसआईआर के दौरान बीएलओ की मृत्यु होने पर परिजनों को बाद में मुआवजे के लिए आवेदन करने की अनुमति होगी।

### विजय की पार्टी की याचिका पर सुनवाई

यह टिप्पणियां तमिल अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आईं। याचिका में मांग की गई थी कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान हुई किसी त्रुटि के लिए निर्वाचन आयोग बीएलओ के खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 32 के तहत दंडात्मक कार्रवाई न करे। टीवीके की ओर से वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कोर्ट को बताया कि उत्तर प्रदेश में कई बीएलओ – जिनमें बड़ी संख्या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षक हैं – के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि यूपी में एक बीएलओ को अपनी शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी चाहिए थी, लेकिन अनुमति न मिलने और निलंबन के बाद उसने आत्महत्या कर ली।

### निर्वाचन आयोग अकेले सब नहीं कर सकता

पीठ ने टिप्पणी की कि निर्वाचन आयोग स्वयं पूरे देश में एसआईआर का काम नहीं कर सकता और इसे पूरा करने के लिए राज्य सरकारों के सहयोग की आवश्यकता है। सुनवाई में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भी कहा कि बीएलओ पर अत्यधिक दबाव एक वास्तविक समस्या है। उन्होंने सवाल उठाया कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में चुनाव 2027 में होने के बावजूद पुनरीक्षण का समय केवल एक महीने ही क्यों निर्धारित किया गया है।

# लोहा और जमीन कारोबारियों के यहां आईटी की रेड



- छत्तीसगढ़ राज्य के 24 ठिकानों पर अलग-अलग टीमों ने की छापेमारी

एजेंसी | रायपुर

छत्तीसगढ़ में गुरुवार सुबह आयकर विभाग ने लोहा और जमीन कारोबारियों के ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की अलग-अलग टीमों ने राज्य के 24 प्रतिष्ठानों में छापेमारी की, जिसमें सिलतरा और उरला के फैक्ट्री क्षेत्र मुख्य रूप से शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस कार्रवाई में आयकर टीम के साथ 100 से अधिक सीआरपीएफ जवान भी मौजूद रहे, ताकि जांच निर्बाध रूप से चल सके।

सूत्रों का कहना है कि सिलतरा स्थित इस्पात इंडिया के संचालक आनंदम निवासी विनोद सिंगला के प्रतिष्ठानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विनोद सिंगला एमएस पाइप निर्माता भी हैं। इसके अलावा, अरविंद अग्रवाल (सिग्नेचर होम्स), रवि बजाज (मैग्नेटो मॉल के पीछे) और ओम स्पंज के ठिकानों पर भी रेड की गई है। आयकर विभाग की टीमें वित्तीय लेन-देन, स्टॉक और बही-खातों से जुड़े दस्तावेजों की तहकीकात कर रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी का मकसद अवैध कमाई और टैक्स संबंधी गड़बड़ियों का पता लगाना है। छापेमारी से स्थानीय व्यापार जगत में हलचल मची हुई है और विभाग के आगे आने वाले पड़ताल रिपोर्ट पर सभी की नजर है।

लेबनान–इज़राइल संबंधों पर प्रधानमंत्री सलाम का बयान

# शांति समझौते के बाद ही संभव आर्थिक सहयोग

**बेयरूत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने साफ कहा है कि इज़राइल के साथ किसी भी तरह का आर्थिक सहयोग तभी संभव है, जब दोनों देशों के बीच स्थायी शांति स्थापित हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान तनावपूर्ण हालात इस दिशा में आगे बढ़ने की अनुमति नहीं देते। इज़राइल की ओर से आर्थिक सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए सलाम ने कहा, "आर्थिक बातचीत तभी हो सकती है जब सामान्य संबंध स्थापित हों, और सामान्यीकरण शांति के बाद ही संभव है। अभी हम उस स्थिति से काफी दूर हैं।"



### सीमा तनाव के बीच जटिल परिस्थितियाँ

लेबनान और इज़राइल का संबंध दशकों से संघर्ष और अविश्वास से घिरा रहा है। दक्षिण लेबनान में इज़राइल की सैन्य कार्रवाइयों, हिज्बुल्लाह और इज़राइली सेना के बीच झड़पों और लगभग एक साल तक चले सीमा तनाव के बाद नवंबर 2024 में युद्धविराम लागू हुआ था। इसके बावजूद दक्षिण लेबनान में इज़राइल की सैन्य मौजूदगी और हवाई हमले जारी हैं।

### युद्धविराम की शर्तों पर अमल जरूरी

प्रधानमंत्री सलाम ने दोहराया कि किसी भी राजनीतिक या आर्थिक पहल से पहले युद्धविराम समझौते का पूर्ण पालन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इज़राइल को अपनी सेना दक्षिण लेबनान से हटानी चाहिए और हमले रोकने चाहिए, जबकि हिज्बुल्लाह को अपनी जिम्मेदारियों—विशेषकर निरस्त्रीकरण से जुड़े प्रावधानों—का पालन करना होगा। हालांकि हिज्बुल्लाह ने हथियार पूरी तरह छोड़ने से इनकार किया है, लेकिन वह उस समझौते को स्वीकार करता है, जिसमें राज्य को रक्षा के लिए हथियार रखने का अधिकार दिया गया है।

सलाम के बयान यह इशारा करते हैं कि क्षेत्र में आर्थिक सहयोग का अध्याय तभी खुल पाएगा, जब दोनों पक्ष युद्धविराम के हर पहलू पर गंभीरता से अमल करें और वास्तविक शांति कायम हो।

## न्यूज़ ब्रीफ

### यूपी, बिहार और हरियाणा में NIA का छापा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा और बिहार में एक साथ 22 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश से बिहार के विभिन्न हिस्सों में अवैध गोला-बारूद की तस्करी से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में की गई है। सूत्रों के अनुसार, एनआईए की अलग-अलग टीमों ने तड़के संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। फिलहाल किसी भी गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। एनआईए की ओर से बताया गया है कि इस कार्रवाई से जुड़े विस्तृत तथ्य बाद में साझा किए जाएंगे।

### दिल्ली-एनसीआर में प्राणवायु पर संकट गहराया

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 304 रिकॉर्ड किया गया, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के आंकड़ों के अनुसार, बागपत में AQI 307, गाजियाबाद 302, ग्रेटर नोएडा 285, गुरुग्राम 293, हापुड़ 336 और नोएडा 308 दर्ज किया गया। इन सभी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब से गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। मौसम विभाग ने बताया कि 5 दिसंबर को दिल्ली का आसमान मुख्यत: साफ रहेगा। सुबह हल्का कोहरा छाएगा और कई इलाकों में शीत लहर का असर देखने को मिलेगा। अधिकतम तापमान 22-24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 4-6 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। हवा दिनभर उत्तर-पश्चिम दिशा से 10-12 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलेगी। 6 दिसंबर को आसमान आंशिक रूप से बादलों से ढका रहेगा। सुबह हल्का कोहरा रहेगा। अधिकतम तापमान 23-25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7-9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। दिन और रात में हवा 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलेगी। CPCB के अनुसार वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) के मानदंड इस प्रकार हैं: 0-50 अच्छा, 51-100 संतोषजनक, 101-200 मध्यम, 201-300 खराब, 301-400 बेहद खराब और 401-500 गंभीर।

### केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक राज्यसभा में पेश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 को विचार के लिए राज्यसभा में पेश किया। इससे पहले, बुधवार को लोकसभा ने इसे पारित कर दिया था। विधेयक पर राज्यसभा में विचार-विमर्श जारी है। दोनों सदनों से पारित होने के बाद यह कानून तंबाकू उत्पादों पर नए उत्पाद शुल्क को लागू करेगा, जो मौजूदा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजा उपकर की जगह लेगा। यह सिगरेट, सिगार, जर्दा और खैनी जैसे तंबाकू उत्पादों को कवर करेगा और जीएसटी मुआवजा उपकर समाप्त होने के बाद भी कर भार को स्थिर रखेगा।

# बीजापुर मुठभेड़ः चार और नक्सलियों के शव बरामद

- मरने वाले नक्सलियों की संख्या 16 तक पहुंची

**जगदलपुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र में बुधवार को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में अब तक 16 माओवादी मारे गए हैं। गुरुवार को सुरक्षा बलों को चार और नक्सलियों के शव मिले, जिसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस डीआईजी कमलोचन कश्यप ने की। पहले इस मुठभेड़ में 12 माओवादी मारे जाने की जानकारी थी, लेकिन तलाशी अभियान बढ़ने के बाद यह संख्या बढ़कर 16 हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि अभी और शव मिलने की संभावना है।

मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा क्षेत्र के वेस्ट बस्तर डिवीजन में हुई, जहां डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा और सीआरपीएफ की टीम सर्चिंग कर रही थी। बुधवार सुबह से शुरू हुई यह मुठभेड़ देर शाम तक जारी रही।

### डीआरजी के तीन जवानों का बलिदान



सुरक्षाबलों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस मुठभेड़ में डीआरजी के तीन जवान शहीद हुए हैं— प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी, आरक्षक दुकारू गोंडे और जवान रमेश सोड़ी। वहीं दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में उपचार के बाद खतरे से बाहर बताया गया है। मुठभेड़ स्थल से एसएलआर, इंसास और 303 राइफल समेत कई हथियार बरामद किए गए। इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है और सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती कर दी गई है।

लैंड फॉर जॉब केस

# पेश नहीं हुए लालू प्रसाद और तेजस्वी

## आरोप तय करने पर फैसला अब आठ दिसंबर को आएगा

एजेंसी | नई दिल्ली

बहुचर्चित लैंड फॉर जॉब घोटाले में आरोप तय करने को लेकर अदालत का फैसला एक बार फिर टल गया है। दिल्ली स्थित राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई की एफआईआर से जुड़े इस मामले में आरोप तय करने पर अपना निर्णय अब 8 दिसंबर को सुनाने का निर्देश दिया है।

स्पेशल जज विशाल गोगने ने बताया कि मामले पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखा जा चुका था, लेकिन सुनवाई के दौरान कुछ औपचारिकताओं के चलते आदेश फिलहाल स्थगित करना पड़ा। इससे पहले भी 10 नवंबर को फैसला टल चुका है।



### सीबीआई ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

सीबीआई के वकील ने अदालत में कहा कि बचाव पक्ष जानबूझकर ट्रायल में देरी कर रहा है और आरोप तय करने की दलीलें पेश नहीं कर रहा। वहीं, अदालत ने स्पष्ट किया कि आवश्यक अनुमति का सिद्धांत भ्रष्टाचार निरोधक कानून के मामलों पर लागू होता है, न कि भारतीय दंड संहिता की धाराओं पर आधारित मामलों पर। बताते चलें कि सात अक्टूबर 2022 को सीबीआई ने लैंड फॉर जॉब केस में लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती सहित कुल 16 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी।

### हाई कोर्ट में भी चल रही चुनौती

गुरुवार की सुनवाई में लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव मौजूद नहीं थे। तीनों की तरफ से पेश हुए वकील मनिंदर सिंह ने कोर्ट से व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

लालू यादव ने इस मामले में सीबीआई की एफआईआर को रद्द करने और ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी है।

# असम में तीन जिहादी संगठनों पर लगा बैन

**गुवाहाटी।** असम पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा (सीआईडी) से प्राप्त विशेष इनपुट के आधार पर राज्य के गृह विभाग ने तीन सक्रिय जिहादी संगठनों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।



गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश, अंसारुल्लाह बंगला टीम और अल-कायदा से जुड़े अंसार-उल-इस्लाम को प्रतिबंधित संगठनों की सूची में शामिल किया गया है। न्यायिक विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, सीआईडी ने इन संगठनों के गोपनीय संपर्क और आपत्तिजनक गतिविधियों से संबंधित अहम जानकारी प्राप्त की थी, जो राज्य की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही थी।

गृह विभाग द्वारा जारी निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इन संगठनों से जुड़े किसी भी तरह के प्रचार-प्रसार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 18 के तहत गंभीर अपराध माना जाएगा। राज्य के गृह विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इन संगठनों से संबंधित किसी भी गतिविधि से दूर रहें।

# सेना मानहानि मामले में राहुल गांधी को 'सुप्रीम' राहत

- अप्रैल 2026 तक ट्रायल पर लगाई रोक

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय सेना के खिलाफ कथित टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की अध्यक्षता वाली पीठ ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक को बढ़ाते हुए कहा कि अब यह अंतरिम सुरक्षा 22 अप्रैल, 2026 तक बनी रहेगी। यह मामला सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव की शिकायत पर आधारित है। उन्होंने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि 9 दिसंबर 2022 को भारत-चीन सैनिक झड़प पर उन्होंने भारतीय सेना के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### अगस्त में कोर्ट ने जताई थी आपत्ति



इस मामले की पिछली सुनवाई 4 अगस्त को हुई थी, जब न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने राहुल गांधी के बयान को लेकर नाराजगी जताई थी। उन्होंने पूछा था कि चीन द्वारा 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय भूमि कब्जे का दावा किस प्रमाण पर आधारित है। न्यायमूर्ति दत्ता ने टिप्पणी की थी—"एक सच्चा भारतीय इस तरह का बयान नहीं देगा। सीमा विवाद जैसे संवेदनशील मुद्दे पर इस तरह की टिप्पणी उचित नहीं है।"

उसी दिन सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता से जवाब मांगा था।

# हैदराबाद जा रही फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सऊदी अरब के मदीना से हैदराबाद जा रही इंडिगो की फ्लाइट की आपात लैंडिंग कराई गई है। फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली थी। फिलहाल, जांच जारी है। सूत्रों ने बताया कि एक ईमेल के जरिए विमान में बम होने की धमकी मिली थी। इसके बाद विमान को तुरंत डायवर्ट कर अहमदाबाद में सुरक्षित उतार लिया गया। अचानक हुई लैंडिंग और बम की अफवाह के चलते यात्रियों में खलबली मच गई। हालांकि लैंडिंग के तुरंत बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस, सीआईएसएफ टीम, डॉग स्क्वाड और बम डिस्पोजल स्क्वाड तुरंत एयरपोर्ट पर पहुंच गए।




फिलहाल यात्रियों और उनके सामान की गहन तलाशी जारी है। यह धमकी सिर्फ अफवाह है या किसी बड़ी साजिश का हिस्सा, इसकी जांच शुरू कर दी गई है। अहमदाबाद जोन-4 के डीसीपी अतुल बंसल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलते ही टीम एयरपोर्ट पहुंच गई। सभी यात्रियों को उतारकर टर्मिनल में लाया गया है और पूरी फ्लाइट की तलाशी ली जा रही है। आगे की प्रक्रिया नियमों के तहत की जा रही है।

# ATS की गिरफ्त में आए दो स्पाई

- जासूसी नेटवर्क का खुलासा, गोवा और दमन से हुई गिरफ्तारी
- धरा गया एक आरोपी भारतीय सेना का रिटायर्ड कर्मचारी



**अहमदाबाद।** गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले जासूसी नेटवर्क का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इन पर पाकिस्तान की जासूस एजेंसियों के संपर्क में रहकर संवेदनशील जानकारी लीक करने का गंभीर आरोप है।

एटीएस की जानकारी के अनुसार, दमन से रश्मिन रवींद्र पाल नामक महिला को गिरफ्तार किया गया, जबकि गोवा से पूर्व भारतीय सेना के सूबेदार एके सिंह को पकड़ने में सफलता मिली।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी पाकिस्तान की जासूसी एजेंसियों से संपर्क में थे और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल थे। विशेष रूप से पूर्व सूबेदार एके सिंह पर आर्थिक मदद लेकर पाकिस्तान की जासूस गतिविधियों में सहयोग करने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपितों ने देश के संवेदनशील इलाकों से जुड़ी गोपनीय जानकारियां पाकिस्तान तक पहुंचाई। एटीएस अब इस जासूसी नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुँचने और उनके प्रभाव का पता लगाने में जुटी हुई है। इस गिरफ्तारी के साथ ही देश की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी कामयाबी मिली है, जिससे पाकिस्तान समर्थित जासूसी गतिविधियों पर एक बड़ा झटका लगा है।

# अब नेपाल ले जा सकेंगे 200 और 500 के भारतीय नोट

## भारतीय रिजर्व बैंक ने पुराने नियमों में किया संशोधन

एजेंसी | काठमांडू

भारत के केंद्रीय बैंक ने नेपाल में बड़े मूल्य के भारतीय नोटों के उपयोग पर लगी रोक हटाते हुए अधिक लचीली व्यवस्था लागू की है। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने नेपाली रुपया और भारतीय रुपया के प्रचलन से संबंधित पुराने नियमों में संशोधन किया है।

विदेशी मुद्रा प्रबंधन (मुद्रा निर्यात एवं आयात) संशोधन विनियमावली 2025 जारी करते हुए रिज़र्व बैंक ने व्यवस्था की है कि भारत के बाहर नेपाल और भूटान में भारतीय मुद्रा को (100 रूपये से अधिक मूल्य वाले नोटों को छोड़कर) ले जाया और लाया जा सकेगा। संशोधित प्रावधान के अनुसार भारत से नेपाल या भूटान की यात्रा करने वाले यात्री अब 25 हजार भारतीय रुपये ले जा सकेंगे।

### पाकिस्तान और बांग्लादेश को छूट नहीं



इसी तरह नेपाल और भूटान से भारत आने वाले लोग भी (100 रूपये से अधिक मूल्य वाले नोटों को छोड़कर) भारतीय मुद्रा ला सकेंगे। नेपाल या भूटान से भारत आने वाले यात्रियों को 100 से अधिक मूल्य के बड़े नोट 25 हजार भारतीय रुपये तक लाने की अनुमति दी गई है। नेपाल और भूटान की मुद्रा भी भारत के बाहर नेपाल या भूटान में ले जाई जा सकेगी और वहीं से भारत भी लाई जा सकेगी। हालांकि, यह सुविधा पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिकों को प्रदान नहीं की गई है। इससे पहले नेपाल में बड़े मूल्य के भारतीय नोटों के कारोबार पर प्रतिबंध था। नेपाल राष्ट्र बैंक की ओर से समान व्यवस्था किए जाने के बाद नया प्रावधान लागू होगा, जिससे भारत और नेपाल के बीच आने-जाने वाले पर्यटकों और श्रमिकों को लाभ मिलेगा।